26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 12 मार्च, 2026

अंक- 137 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

जल्द ही बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप एक नया फीचर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। व्हाट्सएप जल्द ही 'पैरेंट मैनेज्ड अकाउंट' नाम का एक फीचर जोड़ने पर विचार कर रहा है। इस फीचर का उद्देश्य बच्चों के लिए वाट्सएप को अधिक सुरक्षित बनाना है।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES

भगन्दर FISTULA

फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

( गुदा रोग विशेषज्ञ )

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर फायरिंग

## सुरक्षाकर्मियों ने बचाया, हमलावर बोला- उन्हें 20 साल से मारना चाहता था

श्रीनगर ( एजेंसी/चिंगारी )। नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे कनपटी से सटाकर पिस्टल से फायरिंग कर उनकी जान लेने की कोशिश की गई। डॉ. फारूक बाल-बाल बच गए। एनएसजी कमांडो से अगर चंद सेकंड की भी देरी होती तो कुछ भी हो सकता था। आरोपी कमल सिंह जम्वाल पिछले दो दशक से कत्ल का मंसूबा पाले बैठा था। बुधवार की रात को उसने अपनी उस घटिया साजिश को अंजाम देने की कोशिश भी कर डाली। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर गोली चलाने वाले इस हमलावर ने पुलिस के सामने जो कबूलनामा किया है वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। फारूक जम्मू के ग्रेटर कैलाश स्थित रॉयल पार्क में शादी समारोह में पहुंचे थे, इसमें आरोपी कमल सिंह जम्वाल भी पहुंचा था। इसी दौरान मौका पाते ही उसने वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। इसमें फारूक बाल-बाल बच गए। फारूक के सुरक्षा गार्डों की ओर दबोचे जाने के बाद पुलिस ने शुरुआती पूछताछ में आरोपी कमल सिंह जम्वाल के चेहरे पर अपने किए का कोई पछतावा नहीं नज़र आया। उसने कहा कि वह निजी कारणों से पिछले 20 साल से डॉ. फारूक अब्दुल्ला को मारना चाहता था। उसने ये भी कहा कि फारूक की हत्या करना उसका अपना मकसद है।



आरोपी कमल

# हार्दिक पांड्या के खिलाफ़ शिकायत दर्ज

## जीत के जश्न के दौरान तिरंगे के अपमान का आरोप

बंगलूरू ( एजेंसी/चिंगारी )। भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत के जश्न के बाद स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एक नये विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत पुणे के वकील वाजिद खान बिडकर ने दी है, जिन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को लिखित आवेदन सौंपकर क्रिकेटर के खिलाफ जांच और कार्रवाई की अपील की है। यह शिकायत बंगलूरू के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है, यह शिकायत पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। इस मामले में वाजिद ने पुलिस से हार्दिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, भारत की जीत के बाद खिलाड़ियों के जश्न के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। इन वीडियो में पांड्या को कंधे पर तिरंगा लपेटकर मैदान पर दौड़ते और डांस करते हुए देखा जा सकता है। वकील का आरोप है कि जश्न के दौरान एक वीडियो में पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मंच पर लेटे हुए दिखाई देते हैं, जबकि उस समय भी उनके कंधे पर तिरंगा लिपटा हुआ था। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह का व्यवहार राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के खिलाफ है।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ

( श्याम बाबा ) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर

मो. 9927652453

जिले का पहला एवं एकमात्र

Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल

M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore) FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर

मो. 9829211842, 8218989411

# सदन के बाहर नारेबाजी: 'नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब'

## राहुल बोले- मोदी घबराए हैं, अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद बिरला की वापसी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** लोकसभा में आज विपक्ष के सांसदों ने देश में सिलेंडर संकट के मुद्दे पर हंगामा किया। सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों से सदन की कार्यवाही शुरू करने का आग्रह किया, लेकिन विपक्ष नहीं माना तो कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

लोकसभा में विपक्ष द्वारा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को खारिज कर दिया गया। इसके बाद आज स्पीकर ओम बिरला दोबारा सदन की अध्यक्षता करने के लिए कुर्सी पर लौटे।




उधर, संसद परिसर में राहुल समेत विपक्ष के सांसदों ने सिलेंडर संकट पर प्रदर्शन किया। सांसदों ने 'नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब' के नारे लगाए।

राहुल गांधी ने कहा- प्रधानमंत्री कहते हैं कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। लेकिन वह खुद घबराए हुए लग रहे हैं, बिल्कुल अलग वजहों से। वे एप्स्टीन अदाणी केस की वजह से पैनिक हैं। आपने कल देखा कि सदन के अंदर प्रधानमंत्री की कुर्सी खाली थी। वह देश से कह रहे हैं कि घबराएं नहीं, जबकि वह खुद परेशान लग रहे हैं।

उधर, राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला पर हमले का मुद्दा उठाया।

# ईरान का फारस की खाड़ी में अमेरिकी जहाज पर हमला, एक भारतीय की मौत

तेल अवीव/तेहरान। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 13वां दिन हैं। ईरान ने बुधवार रात फारस की खाड़ी में सेफसी विष्णु नाम के एक अमेरिकी तेल टैंकर ( जहाज ) पर हमला किया। इसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक हमले में आत्मघाती नाव ( सुसाइड बोट ) का इस्तेमाल किया गया। जहाज पर मौजूद बाकी 27 लोग सुरक्षित बचा लिए गए। ये जहाज मार्शल आइलैंड के झंडे के तहत चल रहा था। फिलहाल मारे गए भारतीय नागरिक की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने की इजाजत दे दी है। रिपोर्ट के मुताबिक वे जहाज जो अमेरिका-इजराइल के फायदे से जुड़े नहीं हैं, उन्हें इस रास्ते से गुजरने दिया जाएगा। इसी वजह से भारतीय जहाजों को फिलहाल सुरक्षित रास्ता दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश के कई शहरों में एलपीजी को लेकर अफवाहों से मची अफरा-तफरी

## सरकार ने कहा- घरेलू गैस की कोई कमी नहीं



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच उत्तर प्रदेश के कई शहरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की संभावित कमी को लेकर अफवाहों से घबराहट का माहौल बन गया है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ गैस सिलेंडर की बुकिंग कर दी, जिससे कंपनियों के सर्वर धीमे पड़ गए और कई जगहों पर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है। गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक, हाल ही में लागू किए गए उस नियम के कारण भी लोगों में घबराहट बढ़ी है, जिसमें पिछले रिफिल के 25 दिन बाद ही नई बुकिंग की अनुमति है। संचालकों का कहना है कि हजारों उपभोक्ताओं द्वारा एक साथ बुकिंग करने से ऑनलाइन सिस्टम पर दबाव बढ़ गया और कई जगह सर्वर अस्थायी रूप से प्रभावित हुए। इसके बाद कई उपभोक्ता सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंचने लगे।

मेरठ में करीब 80 गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है। हालांकि मेरठ गैस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नमोह जैन ने कहा कि घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य है और घबराहट के कारण बार-बार बुकिंग करने से सिस्टम पर दबाव बढ़ा है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने भी कहा कि जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है और जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मेरठ गैस डीलर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट नमोह जैन ने किसी भी कमी की चिंता को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि घरेलू LPG सप्लाई बिना किसी रुकावट और ठीक-ठाक बनी हुई है।



# छापा पड़ने पर प्रसूता को टॉयलेट में छिपा दिया

## एक प्राइवेट अस्पताल में पीएम केयर फण्ड का वेंटिलेटर मिला

**बिजनौर ( चिंगारी )। अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों में मरीजों के जीवन से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। मजे की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा हो रहा है और विभाग के अधिकारी भी इसका भंडाफोड़ भी कर रहे हैं।**

पिछले दिनों नगीना में एक अवैध अस्पताल के संचालक की हत्या के बाद जिलाधिकारी द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कल जब कोतवाली देहात में एक प्राइवेट अस्पताल पर छापा मारा तो टीम को देखकर अस्पताल के स्टाफ ने एक प्रसूता को टॉयलेट में बंद कर दिया। जबकि एक अन्य अस्पताल में पीएम केयर फण्ड से मिला सरकारी वेंटिलेटर संचालित मिला।

डा. राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोतवाली देहात में संचालित कई निजी अस्पतालों पर छापामार कार्रवाई की। टीम जब जफर हॉस्पिटल में पहुंची तो वहां सिजेरियन ऑप्रेशन करा चुकी प्रसूता को शौचालय में छिपा दिया गया। टीम ने अस्पताल पर सील लगा दी। तब स्टाफ की कारगुजारी का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस को साथ लेकर अस्पताल दोबारा खोला गया तो वहां स्टाफ की पांच लड़कियां मिलीं। साथ ही एक प्रसूता भी मिली, जिसे स्टाफ ने टॉयलेट में छिपा दिया था।

पता चला कि मंगलवार की रात को महिला की ऑप्रेशन से डिलीवरी हुई थी। शिशु की मौत हो गई थी। जांच टीम से मामले को छिपाने के लिये अस्पताल के स्टाफ ने महिला को टॉयलेट में बंद कर दिया था। इसके अलावा न्यू मेट्रो हॉस्पिटल में पीएम केयर फण्ड का वेंटिलेटर मिला। जांच के दौरान कई अन्य अस्पतालों में भी गंभीर खामियां मिलीं। टीम ने न्यू मेट्रो हॉस्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल, लाइफ लाइन हॉस्पिटल की ओ.टी. को सील कर दिया, जबकि चार अन्य अस्पतालों को पूरी तरह सील किया गया है।

## स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से चल रहे हैं फर्जी अस्पताल

स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से जिले में सैकड़ों फर्जी अस्पताल चल रहे हैं। इन अस्पतालों में डाक्टरों के फर्जी साइन बोर्ड लगे हुए हैं, जबकि इन अस्पतालों में बिना डिग्रीधारी लोगों द्वारा ऑप्रेशन तक किये जा रहे हैं। कई जगह ए.एन.एम., आशाओं और एंबुलेंस चालकों तक ने फर्जी अस्पताल खोल रखे हैं। खास बात यह है कि जब यहां कोई हादसा होता है, तब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच कर अस्पताल को सील कर देते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद अस्पताल का नाम बदलकर तथा दूसरा बोर्ड लगाकर वहीं पर फिर अस्पताल चालू कर दिया जाता है। दरअसल, इस गोरखधंधे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संलिप्त हैं। उन्हीं के संरक्षण में जिले में फर्जी अस्पताल धड़ल्ले से चल रहे हैं। नोडल अधिकारियों की पौबारह हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी मिले हुए हैं। उच्च स्तरीय जांच की जाये तो सीएमओ से लेकर दफ्तर के बाबू तक पकड़े जायें।

## अफ़ज़लगढ़ ईदगाह में प्रातः 8 बजे होगी ईद की नमाज

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** ईदगाह कमेटी अफजलगढ़ के सदर, पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग शेख सुलेमान ने चिंगारी को बताया कि



अफजलगढ़ ईदगाह पर ईदुल फितर की नमाज प्रातः 8 बजे होगी। अपने एक बयान में शेख सुलेमान ने कहा कि रमजान बरकतों, रहमतों और इबादत का महीना है तथा ईदुल फितर खुशियों का त्यौहार है। इसे हर्षोल्लास के साथ मिल-जुलकर मनायें।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

बाईसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:06, शिया-4:59

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.




कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे
या बुरी ...

## ईरान और अणु बम

ईरान पर पहले की तरह अमेरिका और इस्त्राइल ने आरोप लगाया है कि वह अणु बम बनाने की तैयारी कर रहा था तथा संधि वार्ता में बातचीत को लंबा घसीट रहा था। जबकि ईरान ने इस आरोप से इनकार किया है, वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय निगरानी संस्था के विशेषज्ञों के अनुसार ईरान ने भारी मात्रा में यूरेनियम का संवर्धन किया है और इससे वह अणु बम बना सकता है। ईरान वर्तमान समय में शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो न केवल इस्त्राइल का अस्तित्व स्वीकार नहीं करता है, बल्कि उसे दुनिया के मानचित्र से मिटाने की बातें भी करता रहा है। इसे देखते हुए इस्त्राइल स्वाभाविक रूप से 'ईरानी एटम बम' को अपने अस्तित्व पर खतरा मानता है। इसके अलावा दुनिया भर के व खासकर अमेरिकन यहूदियों ने अपनी सरकारों पर दबाव डाला है कि वे यहूदी-विरोधी व इस्त्राइल-विरोधी भावनाओं पर लगाम लगाएं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान अमेरिकी यहूदियों को सावधान करते हुए कहा था कि यदि वे चुनाव नहीं जीतते हैं तो इस्त्राइल का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस्त्राइल का खुलेआम समर्थन किया था, वे येरूशलेम गए थे और उसे इस्त्राइल की राजधानी के रूप में मान्यता दी थी। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर ट्रंप ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों से 'उदारवाद' के नाम पर सक्रिय यहूदी-विरोधियों का सफाया करने का अभियान छेड़ा तथा वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के समय ईरार-अमेरिका सिविल नाभिकीय संधि को सबसे खराब बताते रहे हैं, जबकि सुरक्षा परिषद के सभी स्थाई सदस्यों ने ईरान द्वारा इसके क्रियान्वयन की गारंटी दी थी। हालांकि, वर्तमान समय में एक बार फिर अमेरिका और ईरान के बीच नाभिकीय संधि पर बात चल रही थी, पर जहां ईरान नाभिकीय शक्ति के विकास की अपनी संप्रभुता छोड़ने पर तैयार नहीं था, वहीं अमेरिकी विशेषज्ञों का मानना था कि ईरान वार्ता के बहाने केवल समय काट रहा था तथा यूरेनियम संवर्धन तेज कर अणु बम बनाने के निकट पहुंच गया था।

# पश्चिम एशिया युद्ध के बीच भारत की रसोई गैस सुरक्षा पर बड़ा संकट

**सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर नियंत्रित करने का फैसला किया है। इसके तहत घरेलू रसोई गैस की सप्लाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति को भी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा उर्वरक संयंत्रों को लगभग 70 प्रतिशत और उद्योगों को लगभग 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराने की व्यवस्था तय की गई है।**



-अजय कुमार
मो.-9335566111

पश्चिम एशिया में भड़का युद्ध अब केवल भू-राजनीति का सवाल नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे भारत की रसोई और अर्थव्यवस्था तक पहुंच चुका है। अमेरिका-ईरान संघर्ष और उसके बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में पैदा हुई अस्थिरता ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने रसोई गैस यानी एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए असाधारण कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिये हैं और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू खपत के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। यह कदम बताता है कि संकट की स्थिति में सरकार की पहली प्राथमिकता आम नागरिकों की रसोई को सुरक्षित रखना है। भारत की ऊर्जा संरचना का एक बड़ा सच यह है कि देश अपनी जरूरतों के मुकाबले एलपीजी का पर्याप्त उत्पादन नहीं करता। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में भारत में कुल 31.3 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन केवल 12.8 मिलियन टन रहा। यानी देश की कुल जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात के सहारे पूरा होता है। यही वजह है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है तो उसका असर सीधे भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। भारत के लिए यह निर्भरता इसलिए भी जोखिमपूर्ण है, क्योंकि एलपीजी का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है।



अनुमान है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85-90 प्रतिशत हिस्सा सऊदी अरब, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से आता है। इन सभी देशों से आने वाली ऊर्जा आपूर्ति का मुख्य मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है, जो विश्व ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री गलियों में से एक है। जब यह मार्ग युद्ध या तनाव के कारण बाधित होता है तो पूरी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो जाती है। मौजूदा संघर्ष में भी यही स्थिति पैदा हुई है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस समुद्री मार्ग में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे वैश्विक तेल और गैस बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है और कई देशों ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आपात योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं। भारत ने भी इसी पृष्ठभूमि में एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन प्रावधानों का सहारा लिया है।

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर नियंत्रित करने का फैसला किया है। इसके तहत घरेलू रसोई गैस की सप्लाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति को भी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा उर्वरक संयंत्रों को लगभग 70 प्रतिशत और उद्योगों को लगभग 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराने की व्यवस्था तय की गई है। इन कदमों का उद्देश्य स्पष्ट है अगर ऊर्जा संकट गहराता है तो सबसे पहले घरों और परिवहन क्षेत्र को गैस मिलेगी, उसके बाद उद्योगों और अन्य क्षेत्रों को। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए 25 दिन का इंटर-बुकिंग नियम भी लागू किया है, ताकि कोई भी उपभोक्ता तय समय से पहले सिलेंडर बुक न कर सके। लेकिन इस नीति का असर व्यावसायिक क्षेत्रों पर दिखने लगा है। देश के कई शहरों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति घटने लगी है। होटल और रेस्टोरेंट उद्योग से जुड़े संगठनों का कहना है कि कई स्थानों पर कमर्शियल गैस की सप्लाई 10 से 20 प्रतिशत तक कम हो गई है। इससे खासतौर पर छोटे और मध्यम आकार के होटल-रेस्टोरेंट पर बड़ा दबाव पड़ा है, जो रोज मिलने वाली गैस सप्लाई पर ही निर्भर रहते हैं। कुछ शहरों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि होटल संगठनों ने कारोबार बंद होने की चेतावनी तक दे दी है। उनका कहना है कि अगर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं होती तो कई रेस्टोरेंट अगले कुछ दिनों में बंद होने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसका असर केवल कारोबारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन लाखों कर्मचारियों और ग्राहकों पर भी पड़ेगा जो रोजमर्रा के भोजन के लिए इन प्रतिष्ठानों पर निर्भर हैं। सरकार ने इस समस्या को देखते हुए तेल विपणन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति भी बनाई है। यह समिति होटल, रेस्टोरेंट और अन्य उद्योगों की गैस जरूरतों की समीक्षा करेगी और तय करेगी कि सीमित संसाधनों के बीच इन क्षेत्रों को कितनी आपूर्ति दी जा सकती है। दरअसल यह संकट केवल तत्कालीन आपूर्ति का नहीं, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति का भी सवाल है। पिछले एक दशक में देश में एलपीजी की खपत तेजी से बढ़ी है। उज्ज्वला योजना और शहरीकरण के कारण करोड़ों नये परिवार गैस पर निर्भर हो गए हैं। यही वजह है कि एलपीजी की मांग लगातार बढ़ रही है और आयात पर निर्भरता भी बढ़ती जा रही है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को भविष्य में ऐसे संकटों से बचने के लिए कई स्तरों पर तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम घरेलू उत्पादन बढ़ाने का है। इसके लिए नई रिफाइनरियों, गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों और पेट्रोकेमिकल ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। दूसरा महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना है, ताकि खाड़ी क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके। इसके अलावा एलपीजी के रणनीतिक भंडार तैयार करने की जरूरत भी लंबे समय से महसूस की जा रही है। जिस तरह भारत ने कच्चे तेल के लिए रणनीतिक भंडारण बनाए हैं, उसी तरह एलपीजी के लिए भी बड़े भंडार तैयार किए जाएं तो संकट की स्थिति में कुछ महीनों तक घरेलू जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। पश्चिम एशिया का मौजूदा युद्ध शायद कुछ समय बाद खत्म हो जाए, लेकिन इसने भारत को एक अहम सबक जरूर दिया है। ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता से भी जुड़ा सवाल है। जब वैश्विक भू-राजनीतिक संकट पैदा होता है तो उसका असर सबसे पहले आम नागरिक की रसोई पर पड़ता है।

# एसआईआर से मतदाताओं में जागरूकता बढ़ी- रिणवा

## बिजनौर में 92 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा, 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

### जनपद की मतदाता सूची में 23,23,160 मतदाता शामिल

### 5.78 लाख मतदाताओं को जारी किया नोटिस

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दावा किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि मताधिकार को गंभीरता से न लेने वाले मतदाता भी जागरूक हो गए हैं। जिन मतदाताओं के दस्तावेजों में कमियां थीं,उन कमियों को उन्होंने ठीक करा लिया है।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री रिणवा ने बताया कि एसआईआर-2026 के तहत राज्य स्तर पर लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि जनपद बिजनौर में 92 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि बिजनौर में एसआईआर अभियान की प्रगति संतोषजनक रही है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर को दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची में जिनका नाम शामिल नहीं होगा, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि बाद में भी मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सकेंगे।

प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी जसजीत कौर, एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला और सहायक जिला निर्वाचन




अधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### राजनीतिक दलों के नेताओं से की बातचीत

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जनप्रतिनिधियों और राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने विधायकों की समस्याएं और सुझाव सुने तथा उनके समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में विधायक स्वामी ओमवेश, मनोज पारस, ओम कुमार और तस्लीम अहमद सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ईआरओ के साथ समीक्षा बैठक

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि जनपद की मतदाता सूची में 23,23,160 मतदाता शामिल हैं। इनमें 89,822 नो-मैपिंग और 4,88,247 लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी श्रेणी के मतदाता हैं। कुल 5,78,069 नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से 95.58 प्रतिशत नोटिस मतदाताओं को प्राप्त हो चुके हैं और 92.91 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है। सुनवाई की प्रक्रिया 15 मार्च तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

### मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दयानंद इंटर कॉलेज, बिजनौर में स्थापित नोटिस सुनवाई केंद्र और भाग संख्या 227 से 231 तक के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों से संवाद करते हुए मतदाताओं के साथ शालीन व्यवहार और पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिये।**

### बीएलओ और सुपरवाइजरों से संवाद

वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ और सुपरवाइजरों से संवाद करते हुए कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 बीएलओ, 8 सुपरवाइजर तथा एक-एक ईआरओ और एईआरओ को प्रशस्ति-पत्र और नगीना काष्ठकला की घड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छात्राओं के स्वागत गीत से हुई।

# कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा स्कूल ऑफ नर्सिंग बिजनौर के विद्यार्थियों ने हाल ही में घोषित सेमेस्टर परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है। प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में पलक पवार ने 205 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मोहन यादव ने 194 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा दिव्यांशी सैनी ने 192 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का





परिणाम है। कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार तथा प्राचार्या डॉ. सफिया खानम ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत करते रहें और आगे चलकर समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान
की दिली मुबारकबाद
विवेक सेन

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
बाईसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:06, शिया-4:59


# जेबकतरे भी मौके का लाभ उठाने आये

## गढ़ी में एक व्यक्ति की जेब से 14500 रुपए उड़ाये

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** साप्ताहिक बाजार में किसी अज्ञात जेबकतरे ने एक ग्रामीण की जेब से 14500 रुपए साफ कर दिए। जैसे-जैसे ईद नजदीक आ रही है बाजारों में खरीदारी को लेकर ग्राहकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। साप्ताहिक बाजारों में तो भारी भीड़ उमड़ने लगी है और इसी भीड़ का लाभ उठाने के लिए जेबकतरे भी सक्रिय होने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को कासमपुर गढ़ी/सीरवासुचंद के संयुक्त साप्ताहिक बाजार में घटित हुआ, जहां सीरवासुचंद निवासी इस्लामुद्दीन अंसारी की जेब से किसी जेबकतरे ने 14500 रुपए उड़ा दिए। जब इस्लामुद्दीन का हाथ जेब पर पहुंचा तो खाली जेब देखकर वह दंग रह गये। इस्लामुद्दीन ने बताया कि वह अपनी बेटियों के यहां ईदी देने के लिए गन्ना बेचकर 14500 रुपए लाये थे। हालांकि हलका पुलिस ने इस प्रकार की किसी भी जानकारी प्राप्त होने से अनभिज्ञता जताई है।

# सऊदी अरब भेजने के नाम पर रुपये ऐंठने का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर सऊदी अरब भेजने के नाम पर एक लाख 77 हजार रुपए लेने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शेष दो आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। किरतपुर के मुहल्ला अहमद खैल निवासी शादान पुत्र नफीस ने 3 अगस्त 2025 को न्यायालय में दिये गये प्रार्थना-पत्र में शमशाद, नौशाद व दिलशाद पुत्रगण अंसार निवासी मुहल्ला शाहचन्दन के विरुद्ध उससे सऊदी ले जाने



के नाम पर धोखाधड़ी कर लाभ कमाने के उद्देश्य से छल-कपट कर वादी के नाम से फर्जी वीजा तैयार कर एक लाख 77 हजार रुपए ले लेने तथा पैसे वापस मांगने पर देने से मना करने का आरोप लगाया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों भाइयों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। बुधवार को पुलिस ने नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस शेष दोनों नामजद आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

# भारत स्वरूप एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने धामपुर शुगर मिल का किया शैक्षिक भ्रमण



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत स्वरूप एकेडमी, के छात्र-छात्राओं ने धामपुर शुगर मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर बच्चों को चीनी बनने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। धामपुर शुगर मिल के महाप्रबंधक विजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि गन्ने को खेतों से मिल तक कैसे लाया जाता है और उसके बाद विभिन्न मशीनों और प्रक्रियाओं के माध्यम से उससे चीनी तैयार की जाती है। बच्चों ने गन्ना तौल केंद्र, क्रशिंग यूनिट, बॉयलर सेक्शन तथा पैकिंग यूनिट का भी अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कई प्रश्न पूछे, जिनका मिल के तकनीकी कर्मचारियों ने सरल भाषा में उत्तर दिया। इस शैक्षणिक यात्रा से बच्चों को औद्योगिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला। भारत स्वरूप एकेडमी के चेयरमैन डाॅ लोकवीर सिंह व प्राचार्या श्रीमती उपासना यादव ने बताया कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों की व्यवहारिक जानकारी बढ़ती है और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ उद्योगों की कार्यप्रणाली के बारे में भी सीखने का मौका मिलता है।

# साइबर अपराधों से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुलिस प्रशासन ने नागरिकों को साईबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया। बुधवार को मछली बाजार चौराहा पर समाजसेवी डॉ. आरिफ सैफी के प्रतिष्ठान पर जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।



साईबर क्राइम जागरूकता अभियान में प्रभारी निरीक्षक जानकारी देते हुए।

गोष्ठी में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि साईबर अपराधों से बचाव के लिए जागरुकता और सावधानी बेहद जरुरी है। उन्होंने बताया कि साईबर ठग मोबाईल फोन पर परिचित बनकर या उनकी आवाज निकालकर पैसे की मांग करते है और लोग ठगी का शिकार हो जाते है। इसलिए ऐसे लोगों से सावधान रहने की ज़रूरत हे। उन्होंने बताया कि मोबाईल पर किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। गोष्ठी में महिला उपनिरीक्षक शिवानी ने महिलाओं को जागरुक करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी व तस्वीर अपलोड न करने का सुझाव दिया साथ ही बैंक फ्राड व आनलाईन ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 पर सूचना देने की सलाह दी।

गोष्ठी में हाजी रफ़ीक़ अहमद, डॉ. आरिफ सैफी, हाजी शफीक अहमद, शमीम अहमद फल वाले, राजबहादुर सैनी, इरशाद धामपुरी, जावेद, बशर, मो. जाहिद, मो. हम्माद, मो. उस्मान, गय्यूर अली, राकेश कुमार, विपिन कुमार, जोनी, सेफुल्ला, विपिन, रोहित आदि शामिल रहे।




सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा
राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
राग़िब हुसैन उर्फ शहज़ादा
बाईसवां रोजा : गुरुवार, 12 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:06, शिया-4:59


# बच्चों को अच्छा नागरिक बनाना हमारी प्राथमिकता- उपासना यादव



प्रधानाचार्या उपासना यादव

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित भारत स्वरूप एकेडमी की नवनियुक्त प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव ने कहा कि विद्यालय के नए शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों के सर्वोगीण विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर उनको लागू किया जा रहा है। अपने कार्यालय में चिंगारी से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कारित और अच्छे व्यक्तित्व के छात्र-छात्राओं का निर्माण करना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए विद्यालय में शैक्षिक वातावरण का विकास किया गया है। छात्र-छात्राओं को खेलने के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराया गया है। प्राकृतिक वातावरण के लिए फील्ड में सुंदर-सुंदर पेड़ पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के बारे में कहा कि उसके प्रति अभिभावकों को सजग रहने की आवश्यकता है, क्योंकि सोशल मीडिया से प्रभावित होकर कुछ बच्चे गलत कदम उठा लेते हैं। प्रधानाचार्या उपासना यादव ने कहा कि प्रत्येक मां-बाप को पढ़ाई के दौरान अपने बच्चों को समय देकर उनकी फीलिंग को समझना चाहिए तभी उनके व्यक्तित्व का सही विकास हो सकता है।




सभी क्षेत्रवासियों को मुक़द्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद
मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट
बाईसवां रोजा : गुरुवार, 12 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:06, शिया-4:59


# शीतला अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी मंदिर पर

**धामपुर ( चिंगारी )।** होली पर्व के बाद शीतला माता और बसोड़ा पूजन की प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत नगर के शीतला माता मंदिर पर बड़ी संख्या में पहुंचे सनातन परिवारों ने पूजा अर्चना करते हुए माता रानी से सभी परिवारों में बेहतर स्वास्थ्य तथा स्वच्छता का वातावरण बनाए रखने की कामना की। मंदिर के बाहर आयोजित मेले में चाट-पकौड़ी, खेल-खिलौने, सौंदर्य प्रसाधन आदि की दुकानों पर भी श्रद्धालु परिवारों ने जमकर खरीदारी की। इस अवसर पर पूजा अर्चना करने पहुंचे परिवारों के मुखियाओं वीरेंद्र कुमार, राजीव त्यागी, हर्ष कुमार, मनोज कुमार, अरुण कुमार, विशंभर सिंह, रुक्मिणी देवी, शीला रानी, सुमन देवी, बबीता रानी, रेखा रानी आदि ने बताया कि सनातन परिवारों में पीढ़ी दर पीढ़ी प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत वह प्रत्येक वर्ष परिजनों सहित देवी पार्वती और दुर्गा का अवतार माने जाने वाली शीतला माता की पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पर पहुंचते हैं और माता रानी से निरोगी काया का आशीर्वाद ग्रहण करते हैं।

# हुज़ूर! हमारे गांव में धड़ल्ले से बिक रहे नशीले पदार्थ



**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में बिक रहे नशीले पदार्थों से परेशान महिलाओं ने पूर्वी पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर आकर ज्ञापन दिया और उनसे मांग की कि गांव में बिकने वाले नशीले पदार्थों को बंद कराया जाए। महिलाओं ने बताया कि गांव में घर-घर नशीले पदार्थ बेचे जा रहे हैं, जिससे छोटे-छोटे बच्चे भी नशा करने लगे हैं और घर का सामान ले जाकर बेचकर नशा करते हैं और घर में आकर मारपीट करते हैं। नशा बेचने वालों से जब मना किया जाता है, तो वह मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। धमकी देते हैं कहीं भी शिकायत कर लों हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता है। ज्यादा शिकायत करोगे, तो हम तुम्हारा गांव में रहना मुश्किल कर देंगे। ज्ञापन देने वालों में मिथिलेश, मनीषा, रानी, दीपा, अनुराधा, यशोदा, सरोज, पिंकी, सीमा, हेमलता, मुन्नी देवी, बबीता, अनीता, कमलेश, राजवती, किरण, रचना आदि शामिल है।

# यूजीसी के नियम सभी केंद्रीय संस्थानों पर लागू हों- चंद्रशेखर

## लोकसभा में नियम-377 के तहत उठाया मुद्दा, छात्रों की सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने लोकसभा में उच्च शिक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम-2026 को सभी केंद्रीय वित्तपोषित और स्वायत्त संस्थानों पर लागू करने की मांग की।

लोकसभा में नियम-377 के तहत अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान यूजीसी विनियम में सभी उच्च शिक्षा संस्थानों का उल्लेख है, लेकिन इसकी परिभाषा यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा-3 के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों तक ही सीमित है। इसके कारण आईआईटी, आईआईएम, एम्स, नर्सिंग व शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय तथा अन्य राष्ट्रीय महत्व के संस्थान इन नियमों के दायरे से बाहर रह जाते हैं।

उन्होंने बताया कि देश में 23 आईआईटी, 21 आईआईएम समेत करीब 12 हजार से अधिक स्वायत्त और राष्ट्रीय महत्व के संस्थान ऐसे हैं,



जो वर्तमान यूजीसी नियमों के दायरे में नहीं आते, जबकि इन्हें केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। सांसद ने कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और संस्थागत असंवेदनशीलता से जुड़ी कई शिकायतें इन्हीं संस्थानों से सामने आती रही हैं। उन्होंने एम्स, आईआईटी और डॉ. पायल तड़वी प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा और समानता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सदन को बताया कि 2014 से 2021 के बीच जातिगत भेदभाव के कारण एससी-एसटी वर्ग के 72 छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आए हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। सांसद चंद्रशेखर ने केंद्र सरकार से मांग की कि सभी केंद्रीय वित्तपोषित और स्वायत्त उच्च शिक्षा संस्थानों को यूजीसी के भेदभाव-निरोधी और छात्र सुरक्षा संबंधी विनियमों के दायरे में लाया जाए, ताकि छात्रों को सुरक्षित और समान शैक्षणिक वातावरण मिल सके और उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता व न्याय की भावना को मजबूती मिले।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

बाईसवां रोजा : बृहस्पतिवार, 12 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:26, शिया 6:36
तेईसवां रोजा : शुक्रवार, 13 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:06, शिया-4:59

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 10 साल काटेगा जेल में

## कोतवाली शहर पुलिस की प्रभावी पैरवी से पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )। थाना कोतवाली शहर बिजनौर क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला स्पेशल पॉक्सो कोर्ट, बिजनौर ने पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद सुनाया।**



विशेष लोक अभियोजक भालेन्द्र राठौर व पुलिस के अनुसार 8 अक्टूबर 2022 को थाना कोतवाली शहर में एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सुखपाल सिंह उर्फ जोनी पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरपुर केशो ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गलत कार्य किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 323, 376, 504 भादवि तथा धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने न्यायालय में सशक्त व प्रभावी पैरवी की, जिसके आधार पर अभियोजन पक्ष के साक्ष्य और गवाहों को प्रस्तुत किया गया। सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट, बिजनौर ने आरोपी सुखपाल सिंह उर्फ जोनी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने आरोपी पर 12,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में प्रभावी पैरवी के चलते पीड़िता को न्याय दिलाने में सफलता मिली है।

## डिजिटल जनगणना-2026 की तैयारी शुरू

# फील्ड ट्रेनरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत सरकार के निर्देशों और जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में आगामी डिजिटल जनगणना 2026-27 के पहले चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' को लेकर बुधवार को वर्धमान डिग्री कॉलेज में फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी जे.पी. यादव, प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रेनर डॉ. आकाश अग्रवाल, डॉ. अमित कुमार और डॉ. राजीव बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (राजस्व) वान्या सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों, मोबाइल ऐप और जनगणना की प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी, जिसमें डेटा संग्रह के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग होगा। एडीएम वान्या सिंह ने बताया कि फील्ड ट्रेनरों का



प्रशिक्षण मार्च माह में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रगणकों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे मई 2026 से शुरू होने वाले जनगणना के प्रथम चरण के कार्य बिना किसी त्रुटि के संपन्न करा सकें।

# वर्धमान कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान डिग्री कॉलेज में आयोजित रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को विभिन्न गतिविधियों के साथ समापन हुआ। शिविर में प्रशिक्षक श्रीमती पुष्पा और श्रीमती ऋतु रानी के निर्देशन में रोवर्स-रेंजर्स इकाई की रेंजर्स टीम प्रथम वीरांगना (प्रभारी लीडर डॉ. चेतना शाक्य), रेंजर्स टीम द्वितीय प्रज्ञा (प्रभारी लीडर श्रीमती टीना अग्रवाल), रोवर्स क्रू प्रथम ओजस्वी (प्रभारी लीडर आयुष बघेल) तथा रोवर्स क्रू द्वितीय संकल्प (प्रभारी लीडर डॉ. कुलदीप कुमार) सहित सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

प्रशिक्षकों ने शिविर के दौरान व्यायाम के विभिन्न प्रकारों का अभ्यास कराया तथा रोवर्स-रेंजर्स से मिलने वाले लाभ, आपदा प्रबंधन के नियमों और स्वास्थ्य व चिकित्सा के प्रति जागरूकता पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा प्रशिक्षुओं को विभिन्न प्रकार की गांठें बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास, टीम भावना और समाज सेवा की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर प्रो. राजेश यादव, प्रो. जे.के. विश्वकर्मा, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. शशिप्रभा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अंजू बंसल, डॉ. रेशु शर्मा, डॉ. दुर्गा जैन, डॉ. चारुदत्त आर्य, डॉ. विनीता, डॉ. टीना, डॉ. कुलदीप, डॉ. चेतना और आयुष बघेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संगोष्ठी में योजनाओं की जानकारी दी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ क्षेत्र के बादीगढ़ चौराहा स्थित एक बैंकट हॉल में बुधवार को प्रा.शि.संघ के ब्लॉकाध्यक्ष मुनीश चौहान व जू.शि. संघ के ब्लॉकाध्यक्ष संदीप चौहान की संयुक्त अध्यक्षता, शिक्षक शमीम अहमद के संचालन एवं दहलावाला के ग्राम प्रधान डॉ. राजेश सिंह 'रवि' के मुख्य अतिथ्य में संगोष्ठी आयोजित हुई जिसे एआरपी भोगराज सिंह, जोगेंद्र सिंह, नौशाद अहमद व पूर्व



संगोष्ठी में उपस्थित ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष व शिक्षकगण।

एआरपी पूनम रानी आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षा के उत्थान एवं प्रचार-प्रसार से संबंधित योजनाओं निपुण भारत मिशन, डीबीटी एवं विद्यालय कायाकल्प योजना आदि के संबंध में उपस्थित ग्राम प्रधानों, एसएमसी अध्यक्षों एवं शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी में ब्लॉक क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष व परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक हमारे लिए टूलकिट नहीं- धामी

एस.पी. अरोड़ा

## मदरसों की आड़ में आतंक की फैक्ट्री नहीं चलने देंगे, शिक्षा की आड़ में राष्ट्र विरोधी गतिविधियां नहीं पनपने देंगे!

**गैरसैंण ( चिंगारी )।** बुधवार को बजट सत्र के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विपक्षी दल कांग्रेस पर जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ नेता हमें मदरसा विरोधी कहते हैं। सीएम धामी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उन्होंने मुस्लिम वोट बैंक के लालच में अन्य अल्पसंख्यकों की अनदेखी की।

सीएम धामी ने कहा कि कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को हमेशा अपनी राजनीति का टूलकिट समझा है। उनको हमेशा वोट बैंक बनाकर रखा। अल्पसंख्यक समुदाय उनके टूलकिट तक ही सीमित रहा और उनका हाथ थामे रहा। हमारी सरकार चाहती है कि अल्पसंख्यक सिर्फ टूलकिट नहीं रहे बल्कि उनके हाथ में अच्छी किताब हो।

इसके साथ ही सीएम धामी ने मदरसा अधिनियम पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में कांग्रेस सरकार के समय में उत्तराखंड मदरसा अधिनियम लागू किया गया था। कांग्रेस का मानना था कि अल्पसंख्यक समाज में सिर्फ मुस्लिम ही हैं। उन्होंने बाकी अल्पसंख्यकों को इससे दूर रखने का प्रयास किया। हमारी सरकार ने इसमें सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध और जैन को भी नए कानून के अंतर्गत समान अधिकार देने का काम किया है।



वोट बैंक की राजनीति और तुष्टीकरण ने देवभूमि की जिस पहचान को कलंकित किया था, हमने उस कलंक को मिटाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिपक्ष के कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि हमारी सरकार को हमको मदरसा शब्द से परेशानी है। इसलिए हम अवैध मदरसों पर कार्रवाई करते हैं। यदि किसी मदरसे की आड़ में आतंक की फैक्ट्री चलाई जाएगी, यदि कहीं भी शिक्षा की आड़ में राष्ट्र विरोधी गतिविधियां सिखाई जाएंगी, तो हां हमें परेशानी होगी। हम ऐसे किसी भी राष्ट्र विरोधी तत्व को देवभूमि उत्तराखंड में संकल्प लेकर पनपने नहीं देंगे।

अपने भाषण में काफी आक्रामक नजर आए सीएम धामी ने कहा कि हम जन-जन के विकास और विश्वास की राजनीति करते हैं। कांग्रेस विश्वासघात और वोट बैंक की राजनीति करती है। आज पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से उत्तराखंड के अंदर 2 लाख करोड़ से भी ज्यादा की विकास योजनाओं पर काम किया जा रहा है। हमारी सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास जनता के कल्याण और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।

आज का विचार

## विवाह संस्कारों में परिवर्तन परंपरा की सुखद वापसी



-सत्यराज

कल एक मित्र के बेटे की शादी में जाना हुआ। दावत का आधुनिक आयोजन बदलते सामाजिक परिवेश में सामान्य दिखा, लेकिन जो अलग दिखा ,वह बताता हूं, मित्र ने बताया कि उन्होंने बेटे की शादी के प्रमुख संस्कार, जैसे चढ़त, वरमाला और फेरे आदि दिन में ही संपन्न कर लिए हैं । रात में केवल दावत का आयोजन रखा है, जो उनके लिए भी सुविधाजनक रहा। वो पूरे समय द्वार पर सपरिवार खड़े होकर अतिथि सत्कार करते रहे ।

इस परिवर्तन की अनुभूति को आज आपके साथ साझा करने का मन हुआ हमारे उत्तर भारतीय क्षेत्र में विगत कुछ दशकों से रात में शादियों का चलन बढ़ चुका है, जो सामान्य है । बदलते सामाजिक परिवेश में आदमी रात में ही फ्री हो पता है और दावतों में बिना तनाव के सपरिवार सम्मिलित भी हो जाता है । यह ठीक भी है और चल सकता है, लेकिन वैवाहिक संस्कार जैसे वरमाला , फेरे आदि दिन में ही हो सकते हैं ।

दिन में इन संस्कारों का करना धार्मिक, सामाजिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से सही माना जाता है । मनु स्मृति जैसे शास्त्रों में भी विवाह संस्कार को दिन में ही शुभ माना गया है। शास्त्र कहते हैं कि दिन में सूर्य का प्रकाश पवित्रता और देवताओं की उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है । सूर्य और अग्नि दोनों ही ऊर्जा के प्रतीक हैं। दिन का समय शुद्ध और सात्विक होता है। दिन में मन और वातावरण अधिक शांत रहते हैं ।

तात्पर्य यह है कि अब कुछ शादियों में लोग वैवाहिक संस्कार दिन में ही करने लगे हैं और दावतों का आयोजन रात में, जो धार्मिक परंपरा और सामाजिक परिवेश का सर्वोत्तम संतुलन माना जा सकता है।

## रायपुर में दस साल बाद आईपीएल की वापसी

**रायपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर दस साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैचों की मेजबानी करेगा। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा। करीब एक दशक बाद शहर को फ्रेंचाइजी क्रिकेट मैचों की मेजबानी का मौका मिला है। इस दौरान रॉयल चैलेंज बेंगलुरुअपनी टीम के दो मुकाबले रायपुर में खेलेगी। हालांकि इन मैचों से राज्य क्रिकेट संघ को सीधे तौर पर बड़ी आर्थिक कमाई नहीं होगी। अधिकारियों के अनुसार आईपीएल मुकाबलों में राज्य क्रिकेट संघ की भूमिका मुख्य रूप से स्टेडियम उपलब्ध कराने, पिच तैयार करने और स्थानीय स्टाफ की व्यवस्था करने तक सीमित रहती है। क्रिकेट संघ के अधिकारियों के मुताबिक आयोजक संस्था बीसीसीआई की ओर से राज्य संघ को प्रत्येक मैच के लिए लगभग 60 लाख रुपये की होस्टिंग फीस दी जाती है। रायपुर में होने वाले दो मैचों के हिसाब से करीब 1.20 करोड़ रुपये की राशि मिलने का अनुमान है। हालांकि इस राशि का बड़ा हिस्सा मैदान की देखरेख, सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के भुगतान और अन्य लॉजिस्टिक व्यवस्थाओं पर खर्च हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि आईपीएल मैचों से सबसे अधिक फायदा स्थानीय व्यापार और आतिथ्य सेवा क्षेत्र को होगा।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम ATHER अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# खैर की लकड़ियों की बरामदगी के बाद एक्शन में आए यूपी-यूके के वनाधिकारी



## दोनों राज्यों की सीमा से सटे गांवों में किया संयुक्त पैदल गश्त

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व एरिया एवं अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की सीमा पर स्थित थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम लालबाग में गेहूं के एक खेत से बरामद हुई प्रतिबंधित बेशकीमती खैर की लकड़ियों के बाद यूपी-यूके के वनाधिकारी एक्शन मोड में आ गए हैं। दोनों राज्यों के वनाधिकारियों ने सीमावर्ती गांवों में कल्लूवाला, लालबाग, मालोनी, मीरापुर नार्थ, मीरापुर साउथ, फतेहपुर धारा आदि में संयुक्त रूप से पैदल गश्त किया और खेत-खलिहानों व सार्वजनिक स्थानों की सघन चैकिंग की। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया की वन क्षेत्राधिकारी श्रीमती अंकिता किशोर व कालागढ़ एवं झिरना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी नंदकिशोर रुवाली के संयुक्त दिशा-निर्देशन में किए गए इस पैदल गश्त व चैकिंग के दौरान ग्रामीणों को जागरूक किया गया और दोटूक चेतावनी भी दी गई कि वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर सख्त कार्यवाही होगी।

कविता

## विडंबना

लंबे समय से
शब्दों की खेती की है,
साथ ही साथ
खेती-किसानी भी,
लेकिन, इस काल खंड में
तथाकथित कृषि पंडित -
किंकर्तव्य विमूढ हैं,
शब्दों के खेत
बंजर हो चले हैं,
विदूषक -
उछल कूद में व्यस्त हो
किन्नरी तालियां बजा रहे हैं,
और खेत, चैतियां गए हैं -
नई आशा व अपेक्षा लिए
एक बार फिर .....।



-डॉ. भोलानाथ त्यागी
मो. 7017261904

# स्टार्टअप केंद्र बनता यूपी

## 20 हजार से ज्यादा इकाइयों को मिली पहचान

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि प्रदेश में 20 हजार से अधिक इकाइयां 'स्टार्टअप इंडिया' के तहत मान्यता प्राप्त कर चुकी हैं, जो तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम को दर्शाती हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नये अवसर भी पैदा हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की 'स्टार्ट इन यूपी' पहल के तहत भी स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। अब तक 3000 से अधिक स्टार्टअप्स को इस पहल के तहत मान्यता मिल चुकी है। राज्य की स्टार्टअप नीति और प्रोत्साहन योजनाओं ने स्थानीय स्तर पर नवाचार को मजबूत आधार दिया है। इन पहलों के माध्यम से युवाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए आवश्यक सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने में इन्क्यूबेशन नेटवर्क भी अहम भूमिका निभा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 76 मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेटर कार्यरत हैं, जो नये उद्यमियों को मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। ये इन्क्यूबेटर विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और निजी संगठनों के सहयोग से स्टार्टअप्स को शुरुआती चरण से ही सही दिशा देने का काम कर रहे हैं।

इसके अलावा उन्नत तकनीक और अनुसंधान आधारित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में सात सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को भी मंजूरी दी गई है। इन केंद्रों के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स, एग्रीटेक जैसे उभरते क्षेत्रों में शोध और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे संस्थागत ढांचे से प्रदेश में टेक्नोलॉजी आधारित स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हो रहा है। वित्तीय सहायता के क्षेत्र में भी सरकार की पहल अहम मानी जा रही है। प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करने के लिए अब तक 146 करोड़ रुपये के इंसेंटिव स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि 58 करोड़ रुपये की राशि स्टार्टअप्स को वितरित भी की जा चुकी है। यह सहयोग स्टार्टअप्स को अपने उत्पाद और सेवाओं के विकास, बाजार विस्तार और तकनीकी उन्नयन में मदद कर रहा है।

# विहिप सभी सांसदों से मुलाकात करने के लिये 27 मार्च तक चलायेगी संपर्क अभियान

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सभी सांसदों से मुलाकात करने के लिये 27 मार्च तक सांसद संपर्क अभियान चलायेगी। विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस अभियान के तहत संगठन दोनों सदनों के सभी सांसदों से मिलकर तीन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। यह विशेष अभियान नौ मार्च से शुरू हुआ है। आमतौर पर यह अभियान शीतकालीन सत्र के दौरान होता है, लेकिन इस बार सत्र की अवधि कम होने के कारण इसे बजट सत्र में आयोजित किया जा रहा है। श्री बागड़ा ने कहा कि सांसदों के साथ चर्चा के दौरान जनसंख्या असंतुलन, तीर्थ क्षेत्रों के विकास और संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 को सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू करने जैसे विषयों पर बातचीत की जाएगी। देश में जनसंख्या असंतुलन पर व्यापक राष्ट्रीय स्तर पर विचार करने की जरूरत है और इसके लिए प्रभावी जनसंख्या नीति बनाई जानी चाहिए। इसके साथ ही तीर्थ स्थलों के विकास पर भी जोर दिया जाएगा ताकि वे देश की अर्थव्यवस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक पहचान को मजबूत कर सकें।

# बच्चों में हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में बदली

## तीन सगे भाइयों सहित कई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बच्चों के बीच खेल-खेल में हुई कहासुनी बड़ों में खूनी संघर्ष में बदल गई, जिसमें पुलिस ने एक पक्ष के तीन सगे भाइयों व उनके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम मौ.अलीपुर पट्टा घाट उर्फ छतरीपट्टा का है, जहां बीते बुधवार की शाम दो पड़ोसियों अमीर कस्सार व शमशाद अल्वी के बच्चे घरों के बाहर खेल रहे थे जिनमें किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। तुरंत बाद बच्चों की यह कहासुनी महिलाओं के बीच तू-तू-मैं-मैं व गाली-गलौच में बदल गई। इफ्तार का वक्त था इसलिए कुछ देर मामला शांत, मगर तनावपूर्ण रहा और इफ्तार व मगरिब की नमाज के बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में फिर भिड़ गए जिनमें जमकर लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी, पाठल चल पड़े। इस विवाद में कई लोग घायल हुए। सूचना पाते थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा सहयोगी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और माहौल सम्भालते हुए घटना की जानकारी जुटाई। गंभीर रूप से घायल अमीर कस्सार के तयेरे भाई नसीम पुत्र तसलीम ने रेहड़ पुलिस को कार्यवाही हेतु दिए प्रार्थना-पत्र में शमशाद, इरशाद व मोनी पुत्रगण रमज़ान शाह एवं उनके परिजनों पर घर में घुसकर गाली-गलौच व मारपीट का आरोप लगाया है। थाना रेहड़ के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि नसीम की तहरीर के आधार पर शमशाद, इरशाद व मोनी पुत्रगण रमजान शाह, इरशाद के बच्चों व शमशाद की बहनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 115(2) व 110 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, मौ.पुर देवमल, (बिजनौर)

पत्रांक: बेसिक / जर्जर भवन नीलामी /1473-80/2025-26 दिनांक- 10/03/2026

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र मौ.पुर देवमल के 15 (पंद्रह) परिषदीय विद्यालयों में स्थित जर्जर भवनों की नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 18.03.2026 को प्रातः 10.00 बजे से बी.आर.सी. जमालपुर पठानी के मीटिंग हाल में की जानी है। निष्प्रयोज्य भवनों का अवलोकन सम्बन्धित विद्यालय में जाकर किया जा सकता है। जर्जर भवनों की सूची व नीलामी की शर्ते अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

डा. (प्रभात कुमार)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
मौ.पुर देवमल (बिजनौर)।



# इलाही बख्श पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## तालीम इंसान की ज़िंदगी को रोशन करती है- शेख़ इरशाद

**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** काशीपुर रोड स्थित इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम बड़े खुशनुमा माहौल में आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल प्रबंध समिति की ओर से मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन को उनकी समाजी व तालीमी खिदमात के लिए शान-ए-वफ़ा अवार्ड से नवाज़ा गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर और अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अपने खिताब में शेख इरशाद हुसैन ने इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल की तालीमी खिदमात की सराहना करते हुए कहा कि यह इदारा बच्चों को बेहतर तालीम के साथ अच्छी तरबियत भी दे रहा है। उन्होंने कहा कि तालीम इंसान की जिंदगी को रोशन करती है और समाज में कामयाबी की राह दिखाती है। उन्होंने वालिदैन से अपील की कि वह अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाने में कोई कमी न छोड़ें और उन्हें इल्म हासिल करने के लिए हमेशा हौसला दें। उन्होंने कहा कि आज जो बच्चे मेहनत और लगन से पढ़ाई कर रहे हैं, वही आगे चलकर अपने मां-बाप, उस्तादों और अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कामयाब होने वाले तमाम तलबा व तालीबात को मुबारकबाद देते हुए कहा कि बच्चे आगे बढ़कर मुल्क और समाज की तरक्की में अहम किरदार निभाएं और अच्छे इंसान बनकर समाज के लिए मिसाल कायम करें।



वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह में शान-ए-वफ़ा अवार्ड से नवाज़े जाने पर शेख़ इरशाद हुसैन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक।

कार्यक्रम के दौरान बेहतर नतीजे लाने वाले छात्रों को मेडल और इनाम देकर हौसला अफजाई की गई। यूकेजी की छात्रा अलीशा, कक्षा 2 की छात्रा अयाना और कक्षा 7 की छात्रा सायिका को उम्दा प्रदर्शन पर मुख्य अतिथि ने मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर अध्यापिकाओं रहमत शकील, नमरा शमीम और समरा हनीफ को भी मेडल प्रदान किए गए।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मुफ्ती इरफ़ान कासमी, शमशाद वफ़ा, इमरान वफ़ा और वसीम अहमद ने मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मेहमानों का इस्तकबाल विद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति की अध्यक्षा सायमा अकील व अन्य सदस्यों ने फूलों के गुलदस्ते देकर किया। कार्यक्रम का संचालन एडमिनिस्ट्रेटर अतहर महमूद सिद्दीकी ने किया, जबकि आखिर में प्रधानाचार्य आसिफ अहमद ने तमाम मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोग मौ. अख्तर सिद्दीकी, एडवोकेट सीताराम पीपलया, शौकीन अहमद, अतीक अहमद, रुबीना सैफी, रानी सैफी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन




**हल्दौर (चिंगारी)।** 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस/सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि.बिलाई के गेस्ट हाउस परिसर में किया गया। सबसे पहले 04 मार्च से 10 मार्च के मध्य हुई विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण यथा सुरक्षा बेल्ट बांधना, सुरक्षा स्लोगन, सुरक्षा निबन्ध, सुरक्षा पोस्टर एवं लॉक आउट एवं टैग आउट प्रशिक्षण, फायर एवं सुरक्षा प्रशिक्षण, फायर मॉक ड्रिल, सुरक्षा क्विज के साथ-साथ फस्ट एड प्रशिक्षण फैक्ट्री के अधिकारियों व कर्मकारों को दिया गया। इस समापन समारोह में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को इकाई प्रमुख विजयवीर सिंह एवं विभागाध्यक्षों द्वारा पुरस्कृत किये गये। इस अवसर पर इकाई प्रमुख ने अपने उद्बोधन में सभी से जीवन में सुरक्षा उपकरणों के अक्षरक्षः परिपालन पर विशेष बल दिया, जिससे हमारी इकाई जीरो एक्सीडेंट का लक्ष्य पूरा कर सके। इसके साथ ही उन्होंने घर से ड्यूटी जाने के दौरान वाहनों को चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का परिपालन अनिवार्य रूप में सभी को करना चाहिए। मंच का संचालन ई.एच.एस हेड सुधीर पंवार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को उन्नत सुरक्षा के लिये अधिक से अधिक संलग्न करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाने पर विशेष जोर देना है। उपरोक्त कार्यक्रम में उत्पाद विभाग के प्रमुख पंकज अग्रवाल, अभियंत्रण विभाग के प्रमुख गोपाल त्यागी, विजय वीर सिंह (लैब हेड), साथ ही अनुज शर्मा, संजय गोयल, संजय कुमार गुप्ता, नीरज कुमार, शिवकुमार गुप्ता व विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गैस एजेंसी पर उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

### एजेंसी संचालक ने कहा- गैस पर्याप्त, अफ़वाहों पर ध्यान न दें!

**पैजानिया (चिंगारी)।** ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध के चलते रसोई गैस की कमी की अफवाह फैलने से पैजानिया स्थित भारत गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने खाली गैस सिलेंडर भरवाने के लिए एजेंसी पर जमे रहे।

अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है और आने वाले दिनों में गैस की कमी हो सकती है। इसी आशंका के चलते लोग अपने घरों में पड़े खाली सिलेंडरों को भरवाने के लिए एजेंसी पर पहुंच गये। भीड़ में शामिल कई उपभोक्ताओं का कहना था कि गैस कंपनी का बुकिंग मोबाइल नंबर बंद आ रहा था, जिससे चिंता और बढ़ गई। लोगों को डर था कि यदि समय रहते गैस नहीं मिली तो घरों में खाना बनाने में दिक्कत हो सकती है। इसी कारण लोग सुबह से ही एजेंसी पर पहुंचकर सिलेंडर भरवाने की कोशिश करते नजर आए। मौके पर मौजूद गैस एजेंसी संचालक मोहम्मद तालिब ने उपभोक्ताओं को समझाते हुए बताया कि गैस की कोई कमी नहीं है और एजेंसी पर पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अफवाह के कारण अनावश्यक रूप से भीड़ लग गई है। उन्होंने बताया कि एजेंसी का मोबाइल नंबर तकनीकी कारणों से बंद है, लेकिन गैस की ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था चालू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लिए 25 दिन से अधिक समय हो चुका है, उन्हें नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जा रही है और सभी को क्रमवार सिलेंडर मिलेंगे। एजेंसी संचालक के आश्वासन के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। कई लोगों को गैस सिलेंडर मिलने के बाद माहौल सामान्य होता नजर आया। हालांकि भविष्य में संभावित परेशानी से बचने के लिए लोग अपने खाली सिलेंडर जल्द भरवाने की कोशिश करते दिखाई दिये। पैजानिया के अलावा आसपास के पावटी, शेखूपुरा, नारायणखेड़ी, महमदाबाद, साउथखेड़ी, मुकरपुर, जमालपुर, विमल, अप्सरा और भवानीपुर सहित कई गांवों के उपभोक्ता मौजूद रहे।



## जबरन नारे लगवाने के मामले में तीन युवकों का चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम की जीत के जश्न के दौरान नगर के एसआरएस मॉल के पास कुछ युवकों द्वारा टोपी लगाए युवक को घेरकर उससे जबरन भारत माता की जय के नारे लगवाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। रविवार रात को भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर एसआरएस मॉल के बाहर भी युवा ढोल नगाड़े बजा रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक मुस्लिम युवक को जश्न में चूर कुछ युवकों ने पकड़ लिया और उससे जबरन भारत माता की जय के नारे लगवाने का दबाव बनाया। युवक के इनकार करने पर उसके साथ धक्का-मुक्की तक की गई। इसका किसी ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसी दौरान समाजसेवी पूर्व सभासद अशोक आर्य मौके पर पहुंचे और उन्होंने बीच-बचाव कर युवक को लड़कों से छुड़ाया। घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद किसी ने उसे एक्स पर साझा कर सीएम योगी व उप्र के डीजीपी से शिकायत कर दी, जिसके बाद बिजनौर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने घटना में शामिल कुशाग्र पुत्र प्रशांत कुमार, देवांश पुरोहित पुत्र दिवाकर शर्मा निवासीगण मोहल्ला सोतियान व सत्यम भटनागर पुत्र मनोज भटनागर निवासी मौहल्ला चाहशीरीं बी-21 बिजनौर का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तीन युवकों का चालान किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस की किल्लत हल कराने की मांग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर में जनता को हो रही गैस की किल्लत व मारा मारी को देखते हुए भारत गैस एजेंसी नजीबाबाद पर पहुंचकर गैस की समस्या के बारे में बात की। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी व महासचिव नदीम फारूकी ने एजेंसी मैनेजर सन्नी कर्णवाल से मुलाकात कर उनके सामने जनता की समस्या रखते हुए बताया कि गैस सिलेंडर लेने के लिए जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में गैस की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही है। कई मौहल्लों में गैस सिलेंडर बिल्कुल भी नहीं पहुंच पा रहा है। मैनेजर ने बताया कि गैस की कोई कमी नहीं है, जनता किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें क्योंकि केन्द्र सरकार द्वारा कुछ नये नियमों में बदलाव किये गय है जैसे सिलेंडर लेने के 25 दिनों बाद बुकिंग होगी। तब सिलेंडर मिल सकेगा जिन लोगों के एक अप्रैल से 31 मार्च के बीच 12 सिलेंडर पूरे हो चुके हैं, उनको भी सिलेंडर नहीं मिल पाएगा। उन्हें 1 अप्रैल का इंतजार करना होगा। सरकार की गाइड लाइन का पालन करना होगा।



भारत गैस एजेंसी पर मैनेजर से मुलाकात करते कांग्रेसी।

# कांटों वाली मस्जिद में 21वीं शब में कुराने पाक मुकम्मल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला संतोमालन स्थित कांटो वाली मस्जिद में 21 वीं शब में कुराने पाक मुकम्मल हुआ। मस्जिद के इमाम मौलाना रईस ने कुरान सुनाया व हाफिज अकबरूल हक ने कुरान सुना। इस मौके पर नमाजियों को खिताब करते हुए मौलाना रईस ने कहा कि हमें कुराने पाक की तिलावत करने वाला व नमाजों का पाबंद बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुरान सुनाना, सुनना, पढ़ना व पढ़ाना सभी के लिए सवाब है। उन्होंने कहा कि गुनाहों व शिर्क से दूर रहना चाहिए, जो शिर्क करेगा उसकी बख्शीश नहीं होगी। उन्होंने कहा कि कुरान की हिफाजत खुद अल्लाह करता है। कुरान हमें जहन्नुम से बचाने व जन्नत में ले जाने का जरिया है। मौलाना ने बताया कि हमें अपने बच्चों को तालीम के साथ कुरान पढ़ाकर हाफिज बनाना चाहिए। मौलाना रईस ने बताया कि यह उनकी जिंदगी की 38 वीं मेहराब है, कांटो वाली मस्जिद में उनकी यह 28वीं मेहराब पूरी हो चुकी हैं। इस मौके पर मुल्क के अमनो अमान व तरक्की की दुआ कराई गई। इस अवसर पर हाजी मुस्तकीम अहमद, मुमताज पहलवान, आबिद अली, खिजर अहमद, बुरहान, इरशाद मेंबर, बिट्टू सैफी, जैनुल आबेदीन, शाहनवाज अहमद, हाजी फारूक, डॉक्टर हारून, कमर आलम, जावेद कमर सिद्दीकी, नौशाद अहमद, राजा अकबर, मोहम्मद अख्तर, डॉ. शमशुल इस्लाम, सोनी, नजीब जैदी, नौशाद मुल्तानी, दानिश, अकबर सहित काफी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।



# प्रॉपर्टी डीलर ने किया सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन



सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल गणमान्य नागरिक।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मुनीरगंज पालोमल कालोनी निवासी समाजसेवी व प्रॉपर्टी डीलर शराफत खान ने अपने निवास पर सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। सामूहिक रोजा इफ्तार में राजनीतिक व नगर के गणमान्य लोगों ने शिरकत कर मुल्क के अमनो-अमान व भाईचारे के लिए दुआ की। इस मौके पर विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एड. सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जमील अंसारी, सभासद मौ. अली बाबू, हाजी मौ. फैसल, शराफत खान, नजाकत खान, शमशाद उर्फ जर्मन, मतलूब अहमद एड., हाजी शमीम कुरैशी, मौ. अजमल खान सहित शहर के गणमान्य लोग शामिल रहे।

# छात्राओं को साइबर क्राइम का शिकार होने से बचने के उपाये बताये



शिविर में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन का आयोजन साइबर क्राइम जागरूकता अभियान अंतर्गत किया गया। शिविर में क्राइम इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी टीम ने छात्राओं व ग्रामवासियों को साइबर क्राइम का शिकार होने से बचने के विभिन्न उपायों के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्टिव होने से पूर्व सिक्योरिटी का पूरा ध्यान रखना चाहिए। शिविर में महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल, प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी, डॉ. भावना अरोड़ा, ग्राम प्रधान श्रीमती रीना आदि ने अपनी उपस्थिति से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। अतिथि राजकीय महाविद्यालय कालजीखाल पौड़ी की अंग्रेजी प्रवक्ता डॉ. नीति शर्मा ने भी छात्राओं व ग्रामवासियों को मोबाइल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में शहरीन परवीन, अतिका, भावना, योग्यता व खुशी ने साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अगवाल के दिशा-निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने साइबर क्राइम जागरूकता रैली निकाली व घर-घर जाकर साइबर इटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों के विषय में बताया तथा उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी।

# नजीबाबाद का है ठगी गैंग का लीडर

## मुम्बई में बैठकर गैंग को संचालित कर रहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। मुम्बई की ड्रीम सनशाइन डिजिटल कम्पनी ने मुम्बई में पानी के डिस्टलरी प्लांट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर नजीबाबाद के बड़ी संख्या में लोगों का पैसा लगाकर करोड़ों की ठगी की है। बताया जाता है कि कंपनी का नजीबाबाद निवासी ठगी गैंग का लीडर मुंबई में बैठकर ठगी गैंग को संचालित कर रहा था। तीन दिन पूर्व इस कम्पनी के भागने के बाद कार्यालय व उनके कर्मचारी रातों-रात फरार हो गए। स्थानीय कर्मचारियों के घरों पर भी ताला लगा हुआ है। बताया जाता है कि नजीबाबाद के शातिर ठग ने मुंबई में रहते हुए पिछले सात सालों के दौरान ड्रीम सनशाइन डिजिटल के नाम से नजीबाबाद के साथ दिल्ली, मुंबई, यूपी व चंडीगढ़ सहित कई राज्यों में अपना नेटवर्क बना रखा था। नजीबाबाद में इसी ठग के इशारे पर एक युवक उक्त कम्पनी चला रहा था। इस कम्पनी के कर्मचारियों ने लोगों से करोड़ों रूपए की रकम इकट्ठी करते हुए ग्राहकों को भरोसा दिया कि उनका पैसा मुंबई स्थित पानी के डिस्टलरी प्लांट में इन्वेस्ट किया गया है। जहां से होने वाले मोटे मुनाफे में ग्राहकों को हिस्सा दिया जाएगा। कंपनी के सीईओ ने नजीबाबाद में अपने एक रिश्तेदार को हर्षवाड़ा बाईपास मार्ग पर ड्रीम सनशाइन के नाम से कार्यालय खुलवाकर दिया था, जहां से जनपद बिजनौर में लोगों को अधिक मुनाफा देने का लालच देकर वसूली का सिंडिकेट चलाया गया। इसमें कई महिलाएं व पुरुष जुड़े हुए थे जो क्षेत्र में भोली भाली महिलाओं व मजदूर तबके के लोगों का ब्रेनवाश कर रकम लेते थे। हालांकि पिछले कुछ सालों तक बहुत से पुराने ग्राहको को एक लाख रुपए की जमा पर पांच से नौ हजार रुपए तक प्रति माह की दर से मुनाफा दिया गया। इसी लालच में आकर लोगों ने करोड़ों रुपए ठग गैंग के सुपुर्द कर दिए। इसके बाद गैंग के लीडर सहित सभी लोग अपने कार्यालय व मकान पर ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# इंस्टाग्राम पर पीएम व सीएम पर आपात्तिजनक टिप्पणी की जांच शुरू

नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व सांसद व भाजपा नेता भारतेंद्र सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए एक रील अपलोड की थी, जिस पर लोग अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे, इसी कड़ी में अदनान शेख की इंस्टाग्राम आईडी से एक युवक ने पीएम व सीएम के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे। भारतेंद्र सिंह ने बिजनौर पुलिस से इसकी शिकायत की। सीओ नितेश प्रताप सिंह ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आवारा कुत्ते बने परेशानी का सबब

## इनसे निजात मिलेगी कब?

### 4 साल की बच्ची को काटा, एक की हो चुकी मौत



नगर में घूमते आवारा कुत्ते



कुत्ते के काटने से घायल हुई बच्ची

**चांदपुर (चिंगारी)।** आवारा कुत्ते नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। आवारा कुत्ते अब तक अनेक बच्चों के साथ-साथ बड़े लोगों को काट चुके हैं। कुत्ते के काटने से एक युवक की मौत भी हो चुकी है। आवारा कुत्तों के कारण लोग अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजते घबरा रहे हैं। नगर के लगभग सभी मुहल्लों में इन दिनों बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते मौजूद हैं। आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को काटे जाने से लोगों में अपने बच्चों को लेकर चिंता बनी हुई है। कुत्तों के डर से लोग अपने बच्चों को अकेले स्कूल व सामान लेने के लिए मुहल्ले की दुकानों पर भेजने से बच रहे हैं। ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही नगर के मुहल्ला मुफ्ती सराय निवासी रिंकू की 4 वर्षीय पुत्री तनुका को कल कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा के लोगों ने नगरपालिका में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मुहल्ले में आवारा कुत्तों द्वारा कई बच्चों को काटा जा चुका है। कुछ समय पूर्व कुत्ते के काटने से मुहल्ले के एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है। आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की गई है। पत्र पर सभासद केहलफूलवरा, अजमत खान, अनस रहमान, अनीस अहमद, अशरफ अली, शुऐब रहमान, कृष्णा, मौ. सलमान, सरताज अहमद, मौ. उस्मान आदि के हस्ताक्षर हैं।

# कार्यालय जिला बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी, बिजनौर

दिनांक 10.03.2026 को जिला बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी बिजनौर की चुनाव समिति की एक बैठक प्रात: 11 बजे जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी श्री चरत सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें चुनाव वर्ष 2026-2027 के पदों की अर्हता एवं नामांकन फीस के सम्बंध में एल्डर्स कमेटी से विचार-विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के लिये निम्नलिखित अर्हता एवं नामांकन फीस निर्धारित की गई एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का भी पालन सुनिश्चित किया गया, जो निम्न अनुसार है।

जिला बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के वार्षिक वर्ष 2026-2027 के वार्षिक चुनाव में निम्न विभिन्न पदों का वकालत की निरन्तर व सक्रिय अनुभव व उनकी नामांकन शुल्क निम्न प्रकार है।

1. अध्यक्ष पद हेतु अर्हता 25 वर्ष नामांकन 30000/-
2. वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अर्हता 20 वर्ष नामांकन शुल्क 15000/-
3. कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु अर्हता 10 वर्ष नामांकन शुल्क 6000/-
4. महासचिव पद हेतु अर्हता 15 वर्ष नामांकन शुल्क 20000/-
5. कोषाध्यक्ष पद (महिला अधिवक्ता हेतु आरक्षित) अर्हता 10 वर्ष नामांकन शुल्क 5000/-
6. संयुक्त सचिव प्राशासनिक पद हेतु अर्हता 5 वर्ष नामांकन शुल्क 2500/-
7. संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन पद हेतु अर्हता 5 वर्ष नामांकन शुल्क 2500/-
8. संयुक्त सचिव सांस्कृतिक (महिला अधिवक्ता हेतु आरक्षित) पद हेतु अर्हता 5 वर्ष नामांकन शुल्क 2500/-
9. गवर्निंग सदस्य वरिष्ठ कुल 6 पद जिनमें (2 पद महिला अधिवक्ता हेतु आरक्षित) 4 पद सामान्य अर्हता 15 वर्ष नामांकन शुल्क प्रत्येक सदस्य 3000/-
10. गवर्निंग सदस्य कनिष्ठ कुल 6 पद जिनमें (2 पद महिला अधिवक्ता हेतु आरक्षित) 4 पद सामान्य अर्हता 05 वर्ष नामांकन शुल्क प्रत्येक सदस्य 1500/-

**नोट:-** 1. अर्हता की गणना नामांकन की दिनांक से की जायेगी।

2. प्रत्येक सम्मानित अधिवक्ता सदस्य से यह अपेक्षा की जाती है कि नामांकन के समय वह सीओपी कार्ड व बार कौंसिल आफ उ.प्र. द्वारा जारी अपना ओरिजनल रजिस्ट्रेशन साथ लायें।

**आज्ञा से**

**चरत सिंह एडवोकेट**

**मुख्य चुनाव अधिकारी एवं चुनाव कमेटी**

**जिला बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी, बिजनौर**

# रविदास शोभायात्रा झगड़े में घायल रूप सिंह की हालत गम्भीर



पत्नी की रिपोर्ट पर दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव कासमाबाद में रविदास जयंती पर बिना अनुमति के निकाली जा रही शोभायात्रा में झगड़ा हो गया था, जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले थे। पुलिस ने 18 नामजद तथा 7 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। झगड़े में रूप सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसका लगातार इलाज चल रहा था। पुलिस ने घायल की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रविदास जंयती पर शोभायात्रा निकालने को लेकर गांव कासमाबाद में जमकर लाठी-डंडे चले थे, जिसमें रूप सिंह भी घायल हुआ था। मंगलवार को रूप सिंह की पत्नी थाने पहुंची और आरोप लगाया कि महिपाल पुत्र कल्लू सिंह, अंशु व पुष्पेंद्र पुत्रगण महिपाल निवासी पोटा, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर ने उसके पति के साथ लाठी-डंडो से मारपीट की, जिससे उसके गुम चोटे आई। रूप सिंह की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। महिपाल पुत्र कल्लू व अंशु पुत्र महिपाल को गिरफ्तार कर जेल भेजने की पुष्टि की है, जबकि पुष्पेंद्र की तलाश की जा रही है। उधर रूप सिंह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

## ठा. यशपाल सिंह के निधन पर शोक

**चांदपुर (चिंगारी)।** शिक्षक नेता सुरेन्द्र मलिक, डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, रायबहादुर आर्य व ठाकुर वेदप्रकाश चौहान आदि ने पूर्व मंत्री ठाकुर यशपाल सिंह के निधन पर शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# बिजली के डबल पोल से टकरा गई कार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बुधवार की शाम लगभग सवा सात बजे अर्टिगा कार संख्या यूपी 20 सीके-2508 नांगल की ओर से चंदक की ओर जा रही थी। नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम सौफतपुर स्थित विद्युत उपकेन्द्र के सामने उक्त कार ने 11,000 वोल्ट्स क्षमता की विद्युत लाइन के डबल पोल में टक्कर मार दी। कार की टक्कर से डबल पोल सहित तीन विद्युत पोल टूट गये तथा डबल पोल पर रखा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अर्टिगा कार विद्युत पोल को टक्कर मारकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। हालांकि कार सवार दोनों व्यक्तियों में से किसी को चोट नहीं आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा कार सवार व्यक्तियों को थाने ले गई। कार ने टक्कर मारकर जिस विद्युत लाइन में तोड़फोड़ की, वो लालपुर मान उर्फ मानपुर टाउन फीडर की लाइन थी। लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण विद्युतापूर्ति कई घंटे तक ठप पड़ी रही और रात्रि साढ़े नौ बजे के बाद सुचारू हो सकी। विद्युतकर्मियों का कहना है कि इस घटना में विभाग का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि कार चालक का नाम भोला है, जो मंडावर क्षेत्र के ग्राम मोहंडिया का निवासी है।



क्षतिग्रस्त विद्युत ट्रांसफार्मर

# तीर्थंकर ऋषभनाथ का तप कल्याणक मनाया श्रद्धापूर्वक



**किरतपुर (चिंगारी)।** जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर ऋषभनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर सहित दोनों मंदिरों में उत्साहपूर्वक धार्मिक विधि विधान से मनाया गया। इस अवसर पर जलाभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात श्री आदिनाथ जी की विशेष पूजा कर जन्म एवं तप कल्याणक मनाया गया। श्री आदिनाथ जी के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अनिल जैन ने बताया कि नाभिराय के महल का निर्माण धनकुबेर की आज्ञा से स्वर्ग के शिल्पकारों द्वारा हुआ था। सृष्टि के प्रारंभ में 14 कुलकर युगलरूप में जन्म लेते हैं नाभिराय 14वें कुल कर थे। नाभिराय ने जनता को माता की नाभि से शिशु को अलग करने का ज्ञान दिया था। इस कारण 14 वें कुल कर का नाम नाभिराय पड़ा था। राजा आदिनाथ ने जनता को असी, मसी, कृषि शिल्प वाणिज्य का ज्ञान दिया था। तीर्थंकर आदिनाथ को अन्य धर्मों में बाबा आदी बाबा आदम के नाम से उल्लेख मिलता है। आज की अयोध्या जैन आगम में हमेशा पूजनीय रही है। आदिनाथ के अलावा तीन तीर्थंकरों ने जन्म लेकर पूजनीय बनाया है। आदिनाथ के पुत्र राजा भरत के नाम पर ही भरत के नाम पर ही भारत पड़ा है। आदिनाथ जी के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर अनिल जैन, सुनील जैन, संजय जैन, यतेंद्र जैन, अरविंद जैन, प्रदीप जैन, सुरेंद्र जैन, विपिन जैन, पारस जैन, आकाश जैन, अविनाश जैन, गौरव जैन, नीरज जैन, आयुष जैन, सविता जैन, मंजू जैन, बबीता जैन, नीलम जैन, अंजली जैन, कुमकुम जैन, आकांक्षा जैन, सीमा जैन, शालिनी जैन, रीना जैन ने उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# देर से आने के कारण छात्र को परीक्षा में प्रवेश न देने के मामले ने पकड़ा तूल


पेपर छुटने की जानकारी देते हुए छात्र।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग के छात्र मनीष के मैथमेटिक्स का एग्जाम देने के लिए समय पर केंद्र पर न पहुंचने पर प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा द्वारा उसको प्रवेश नहीं करने देने का प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। शिक्षा के संवैधानिक अधिकार से छात्र को रोके जाने के इस प्रकरण को लेकर सामाजिक संस्था वर्ल्ड एक्रेडिटेशन ह्यूमन राइट्स के राष्ट्रीय जनरल सेक्रेटरी तारिक़ जकी ने राज्य मानव अधिकार आयोग में याचिका दायर कर प्रधानाचार्या के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही छात्र के अभिभावक ने इस संबंध में सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी देहरादून को अवगत करा दिया है। उल्लेखनीय है कि धामपुर के खारी कुआं निवासी नमन पुत्र पंकज कुमार विश्नोई शिखर शिशु सदन में इंटरमीडिएट के छात्र हैं। वह बोर्ड द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्र पुष्प निकेतन स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान मैथमेटिक्स का पेपर देने केंद्र पर 15 मिनट देर से पहुंचा। जिस पर स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि रेखा ने उसको प्रवेश नहीं करने दिया, जिससे छात्र नमन का पेपर छूट गया। इस संबंध में छात्र नमन व उनकी मां का आरोप है कि उनको रंजिशवंश परीक्षा

## संगठन ने मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की

केंद्र में नहीं जाने दिया गया। प्रधानाचार्या रश्मि रेखा का कहना है कि बोर्ड एग्जाम के दौरान 10 बजे तक छात्र को हर हाल में केंद्र में दाखिल करना अनिवार्य है, परंतु नमन 10:15 बजे केंद्र पर पहुंचा था जो नियमानुसार सही नहीं है। उन्होंने बताया कि नमन को पौने 10 बजे शुगर मिल गेट के पास देखा गया था। जब उससे देर से आने का कारण पूछा गया तो उसने कहा कि मैं अपने दोस्त को छोड़ने गया था, जबकि छात्र को समय से एग्जाम सेंटर में आना चाहिए था।

# खेत में मिला नरकंकाल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम चमरौला के समीप एक खेत में कई माह पुराना नरकंकाल पड़ा हुआ मिला। खेत से गन्ना काटे जाने पर कंकाल के पड़े होने का पता लगा। सूचना पर क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने जरूरी कार्यवाही की। उसके बाद पुलिस ने कंकाल को सील करके पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भिजवा दिया। नरकंकाल काफी पुराना होने के कारण हड्डियां गलनी शुरू हो गई थीं। कंकाल के ऊपर एक बनियान तथा अंडरवियर मिला है। कंकाल से कुछ अंग गायब थे, जिन्हें संभवत: जंगली जानवर खींच ले गये होंगे। गायब अंगों की तलाश में पुलिस ने खेत में सर्च अभियान चलाया, मगर पुलिस को वहां कुछ नहीं मिला। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि खेत में मिला नरकंकाल कई माह पुराना प्रतीत हो रहा है।


नरकंकाल को देखते क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष एवं फोरेंसिक टीम

# सांसद चन्द्रशेखर ने संसद में उठाया रेलवे फाटकों का मुद्दा

**किरतपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के सुप्रीमो नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए किरतपुर सहित अन्य नगरों के पुराने रेलवे फाटकों की समस्या पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा सीधे तौर पर आम जनता की रोजमर्रा की परेशानियों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसका जल्द समाधान होना आवश्यक है। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संसद में कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र के किरतपुर व अन्य कस्बों में कई पुराने रेलवे फाटक बने हुए हैं। फाटक बंद होने के दौरान लंबा जाम लग जाता है, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी होती है और



स्कूली बच्चों सहित रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन रेलवे फाटकों का सौंदर्यीकरण कराये जाने के साथ-साथ वहां अंडरपास बनाए जाना बेहद जरूरी है, ताकि यातायात सुचारु रूप से चलता रहे और लोगों को बार-बार फाटक बंद होने की समस्या से राहत मिल सके। आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, आसपा नेता एडवोकेट अशरफ जमील, सरफराज मलिक, नवीन भारती, फेलसुफ जमा खां, फहाद खान आदि ने सांसद द्वारा संसद में इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाए जाने का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि सरकार इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाएगी।

सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान**
की **दिली मुबारकबाद**



**शहज़ाद अहमद**
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
**पूर्व चेयरमैन,** झालू न.पा. (बिजनौर)
**सम्भावित प्रत्याशी** 22-विधानसभा, बिजनौर

**बाईसवां रोज़ा : बृहस्पतिवार 12 मार्च**
इफ्तार सुन्नी 6:26, शिया 6:36
**तेईसवां रोज़ा : शुक्रवार, 13 मार्च**
सहरी- सुन्नी 5:06 शिया 4:59


शहजाद अहमद

# महीनों से पानी का संकट झेल रहे चारखेत के लोग

**नैनीताल ( चिंगारी )।** नैनीताल से सटे खुर्पाताल ग्राम सभा विकास खंड भीमताल के तोक चारखेत के ग्रामीण महीनों से पानी का संकट झेलने को मजबूर हैं। जल संकट के कारण चारखेत में निवासरत एक बड़ी आबादी कई दिनों से पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है और नलों में पानी न आने से जन जीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक विभागीय अधिकारियों को कई बार पानी की दिक्कत को लेकर अवगत कराया गया है मगर अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों की इस भयावह समस्या को सुनने व समझने को तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल संस्थान के अधिकारियों को लिखित में उक्त समस्या को बयां किया गया है अगर जल्द नलों में पानी नहीं आया तो चारखेत के समस्त ग्रामीण धरना-प्रदर्शन को मजबूर होंगे।



# सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के गले की फांस बना विधानसभा का बजट सत्र

**एस पी अरोड़ा**

**गैरसैण ( चिंगारी )।** उत्तराखंड का बजट सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के गले की फांस बन गया है प्रदेश सरकार नेबजट सत्र को 9 मार्च से शुरू कर 13 मार्च तक करने का ऐलान किया था, लेकिन विपक्ष जो है इस सत्र की समय सीमा बढ़ाने की लगातार मांग कर रहा था। विपक्ष की मांग को सत्ता पक्ष में गंभीरता से लिया है और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समय बढ़ाने का संकेत दे दिया है। सीएम के संकेत मिलते ही दोनों पक्षों के विधायक एक दूसरे की तरफ देखने को मजबूर है और उनका प्रयास है कि जो बजट सत्र के मैच की गेंद बीच में पड़ी है वह किसी एक के पाली में चली जाए और सत्र जल्दी समाप्त हो जाए।

उत्तराखंड का बजट सत्र भराड़ी सैंण में और लगातार चार दिन से चल रहा है। विपक्ष का कहना था कि प्रदेश सरकार नियम और परंपराओं को ताक पर रख रही है और लगातार सवालों से भागने का प्रयास करते हुए सत्र को छोटा करती जा रही है। विपक्ष के उठते सवालों पर सत्ता पक्ष गंभीर नजर आया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने



धोबी पाट चलते हुए घोषणा कर दी कि सत्र की सीमा को बढ़ाए जाने में उनको कोई आपत्ति नहीं है अगर दोनों पक्षों के विधायक तैयार हैं तो वह सत्र की सीमा को बढ़ाएंगे और सत्र को चलाएंगे। मुख्यमंत्री की इस घोषणा के होने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष विधायकों पर विपक्ष माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं क्योंकि भराड़ी सैंण में जो यह सत्र चल रहा है, इस सत्र में जाकर विधायक तीन से चार दिन तक रुकना ही पसंद करते हैं। उससे ज्यादा यहां पर रुकना कोई पसंद नहीं करता है जिसके कारण माना जा रहा था कि यह पांच दिवसीय विधानसभा सत्र दो या तीन दिन में समाप्त हो जाएगा, लेकिन वर्तमान हालात में जिस तरह के हालात बने हैं उसे अब लग रहा है कि सत्र की समय सीमा बढ़ेगी और सत्र लंबा चलेगा। बजट सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही सदन में 11 बजे शुरू हो गई और इस दौरान प्रश्न काल चल रहा है जहां पर सत्ता पक्ष और विपक्ष से विधायक अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रख रहे हैं। ज्यादातर सवाल स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े हुए हैं और स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत सदन में मौजूद हैं और विपक्ष के और सत्ता पक्ष जो सवाल आ रहे है उनका जवाब दे रहे हैं।



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 13 मार्च 2026**

मेष- योजना साकार होने की ओर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, नौकरी में प्रोन्नति विषयक मसला हल, राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग, खुशी।

वृषभ- परिस्थितियां आशा के विपरीत, दाम्पत्य जीवन में किसी बात को लेकर तनाव, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, यात्रा में कष्ट, आर्थिक पक्ष में नुकसान की स्थिति।

मिथुन- समय आशाजनक, बुद्धि-चातुर्य से कुछेक कार्यों में सफलता, यश-मान-सम्मान में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, ज्ञान-विज्ञान में रुचि।

कर्क- विविध पक्षों में अनुकूलता, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, पठन-पाठन में रुचि, कार्य-व्यवसाय में स्वजनों से सहयोग, प्रतियोगिता में सफलता।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, जनसम्पर्क का सुअवसर, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आवागमन में अनुकूलता।

कन्या- कठिनाइयां प्रभावी, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, आपसी सम्बन्धों में वैमनस्यता, प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना, यात्रा में कष्ट।

तुला- समय संतोषजनक, व्यावसायिक उन्नति हेतु प्रयास, पारिवारिक सम्बन्धों में सुधार, निजी जिन्दगी में नवीन उपलब्धि, आपसी गलतफहमी दूर होने को।

वृश्चिक- बुद्धि-चातुर्य से महत्वपूर्ण उपलब्धि, सुख के निमित्त अधिक व्यय, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, पत्नी पक्ष से चिन्ताएं कुछ कम, बकाए धन की प्राप्ति।

धनु- जटिल समस्याओं का समाधान, श्रेष्टजनों से सम्पर्क, हर्षोल्लास का माहौल, भौतिक सुख के साधन सुलभ, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, जनकल्याण में रुचि।

मकर- अभीष्ट कार्यों में प्रतिकूलता, आहार-विहार की अनियमितता, आपसी मतभेद, घरेलू सुख में दिक्कतें, अकेलेपन की अनुभूति, व्यर्थ भ्रमण, अपव्यय भी।

कुम्भ- स्वास्थ्य सुधार की ओर, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, उत्तरदायित्व का निर्वाह, सद्विचारों का उदय, उलझनों का समापन, आशा के अनुकूल घटना।

मीन- सफलता का मार्ग प्रशस्त, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न, आकस्मिक लाभ, आहार-विहार में नवीनता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# साहनपुर में ई-रिक्शा का किराया बढ़ाने पर लोगों ने आपत्ति जताई

## किराया 10 से बढ़ाकर 15 रूपए करना गलत बताया

नजीबाबाद ( चिंगारी )। साहनपुर में ई-रिक्शा यूनियन ने बिना प्रशासन की अनुमति के रिक्शा का किराया 10 रूपए प्रति सवारी से बढ़ाकर 15 रूपए प्रति सवारी कर दिया। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने आपत्ति जताते हुए पुराना किराया जारी रखने की मांग की। साहनपुर क्षेत्र में हाल ही में बनी ई-रिक्शा यूनियन पर क्षेत्र के लोगों ने मनमानी का आरोप लगाते हुए रिक्शा का किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये करने को गलत बताया। उन्होंने कहा कि किराया बढ़ाने का फैसला बिना प्रशासन की अनुमति के लिया गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आसपास के अन्य स्थानों पर अभी भी रिक्शा चालक 10 रुपये प्रति सवारी ही किराया ले रहे हैं, ऐसे में केवल साहनपुर में अचानक किराया बढ़ा देना जनता के लिए परेशानी का कारण बन गया है। इस तरह के फैसले का सबसे ज्यादा असर गरीब, मजदूर, छात्र व रोजाना आने-जाने वाले लोगों की जेबों पर पड़ रहा है। अगर हर जगह यूनियन अपनी मर्जी से किराया तय करने लगेगी तो यह आम जनता के साथ अन्याय होगा। क्षेत्र के लोगों ने जनहित में प्रशासन से इस मामले का संज्ञान लेकर बिना अनुमति बढ़ाए गए किराए की जांच कर उचित कार्रवाई कराने की मांग की।

## लो और सुनो..




साभार



गायत्री शक्तिपीठ पर भव्य दीपयज्ञ में शामिल शगुन व उसका परिवार।

## गायत्री शक्तिपीठ पर शगुन कौशल का आईएएस बनने पर सम्मान

नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद के ट्रस्टी एवं गायत्री परिजन मुकुल गुप्ता (शिक्षक) के होनहार शिष्य शगुन कौशल आदर्श नगर नजीबाबाद के आईएएस बनने पर गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में भव्य दीपयज्ञ के दिव्य वातावरण मे सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमे न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह, शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, ट्रस्टी हरीश शर्मा, श्रीमती कामेश शर्मा, जिला सह समन्वयक इन्द्रदेव शर्मा, वरिष्ठ गायत्री परिजन पंडित सामेश्वर दत्त शर्मा, नरेश सैनी, श्रीमती रानी माहेश्वरी, श्रीमती सुमन वर्मा उपस्थित रही। शगुन कौशल ने सपरिवार प्रखर प्रज्ञा, सजल-श्रृद्धा, गायत्री माता के समक्ष माथा टेककर दीपयज्ञ मे भागेदारी की। पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य को गुरु रूप मे वरण कर आजीवन गायत्री परिवार के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने किया।

## मौ. चांद ने ताइक्कांडो में प्रदेश स्तर पर जीता गोल्ड मेडल



कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बीती 9 मार्च से 11 मार्च तक डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय संकुल, अयोध्या में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हुई 36वी प्रदेश स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में अफजलगढ़ ब्लॉक के संविलियन विद्यालय त्रिलोकपुर के छात्र मौ. चांद ने गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया। बच्चों संग वहां से वापस लौटे व्यायाम शिक्षक सबील अहमद एवं संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार व सहायक अध्यापक सुरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी प्रतियोगिता की रिले रेस में विजयी टीम में संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन का बाल खिलाड़ी मौ.जैद भी शामिल रहा जबकि वॉलीबॉल व हैंडबॉल में शानदार प्रदर्शन के बावजूद संविलयन विद्यालय आसफाबाद चमन के बाल खिलाड़ियों की टीम सेमीफाइनल में गोरखपुर व आजमगढ़ मंडल से पराजित हो गई। शिक्षक सबील अहमद, अनिल कुमार व सुरेंद्र सिंह ने बाल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करने को प्रेरित किया।

## 16 वर्षीय हुज़ैफा मस्जिद में बैठा एतकाफ में



धामपुर (चिंगारी)। निकटवर्ती ग्राम सरकड़ा चकराजमल में लगभग सोलह वर्षीय मो. हुज़ैफा ने रमज़ान के पाक महीने में मस्जिद में एतकाफ में बैठकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। आज के समय में जहां युवाओं का एतकाफ में बैठना कम देखने को मिलता है, वहां हुज़ैफा का यह कदम लोगों के लिए प्रेरणादायक बन गया है। मो. हुज़ैफ़ा पुत्र मो. राशिद, ने दसवीं कक्षा का अंतिम पेपर देने के बाद अपने माता-पिता से अनुमति ली और अस्त्र की नमाज़ के बाद मोहल्ले की नई मस्जिद में दस दिनों के एतकाफ में बैठ गया। हुज़ैफ़ा से एतकाफ में बैठने की प्रेरणा के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि उसे अल्लाह की इबादत करना बहुत पसंद है। रमज़ान के महीने में हर नेकी का सवाब सत्तर गुना तक मिलता है, इसलिए उसने इस अवसर का लाभ उठाने का फैसला किया।

# घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी नहीं होने देंगे जमाखोरी व कालाबाज़ारी

## डीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद में एलपीजी गैस सिलेंडरों की सुचारु आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण प्रणाली, स्टॉक की स्थिति तथा कालाबाजारी और जमाखोरी पर नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है तथा शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को प्राथमिकता से व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने घरेलू गैस के व्यावसायिक दुरुपयोग, कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्ती से नियंत्रण रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर आरक्षित रखने के निर्देश दिये। साथ ही एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तेल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों और डिपो इंचार्ज के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों, संबंधित अधिकारियों तथा व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर स्थानीय स्तर की समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए समन्वय बनाएं। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस रिफिल की बुकिंग न करें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही सिलेंडर बुक करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी तथा पूर्ति निरीक्षक वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में 150 दिनों से चल रहा धरना स्थगित

## एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** स्मार्ट मीटर के विरोध में तहसील प्रांगण में जौनपुर, आमपड़ाव, काशीरामपुर, ध्रुवपुर आदि क्षेत्रवासियों का पिछले 150 दिनों से चल रहा धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में प्रदर्शनकारियों ने उपजिलाधिकारी संदीप कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा गया है कि ऊर्जा निगम व प्राइवेट कंपनी की ओर से लोगों के घरों में लगे मीटरों को जबरदस्ती उतारकर उनके स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पिछले साल अप्रैल से शुरू किया गया था। स्मार्ट मीटर लगने के बाद गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों के बिजली के भारी भरकम बिल आने शुरू हो गए, जिससे लोग काफी परेशान होने लगे थे। ऊर्जा निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी जब उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो उन्हें पिछले साल सितंबर से कोटद्वार तहसील में आंदोलन शुरू करने को बाध्य होना पड़ा। कहा कि इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष को भी ज्ञापन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

वहीं विभाग के किसी भी अधिकारी ने धरनास्थल पर आकर आश्वासन देने की जहमत नहीं उठाई। कहा कि वे धरना प्रदर्शन को इस विश्वास के साथ स्थगित कर रहे हैं कि सरकार स्मार्ट मीटर के संबंध में जनहित में जरूर कार्रवाई करेगी। साथ ही कार्रवाई न होने पर भविष्य में पुन: आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी गई। ज्ञापन सौंपने वालों पार्षद रीता देवी, जनाधिकार मंच अध्यक्ष आशाराम, चंद्रपाल सिंह खेतवाल, मदन सिंह नेगी, परमानंद, सुनील कुमार, महावीर सिंह नेगी, अरमान अली, जमील अहमद, अख्तरी, शीला भारती, पवन नेगी, मुमताज आदि शामिल रहे।

# खोह नदी में अवैध खनन करते पांच ट्रैक्टर-ट्राली सीज़

## अवैध खनन नहीं होगा सहन एएसडीएम ने दी चेतावनी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने कोटद्वार क्षेत्र के झूला पुल के पास खोह नदी में छापेमारी करते हुए अवैध खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। संबंधित वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है।

उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार राजेंद्र सनवाल के नेतृत्व में राजस्व टीम ने झूला पुल स्थित खोह नदी में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी में अवैध रूप से खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। टीम ने मौके पर ही सभी वाहनों को सीज करते हुए उन्हें कब्जे में ले लिया। वाहन स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की ओर से आगे भी इस तरह की छापेमारी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अवैध खनन में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जंगली जानवरों के हमलों से आमजन को बचायें : बड़थ्वाल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक जी के बड़थ्वाल ने प्रदेश के पहाड़ी जिलों में जंगली जानवरों द्वारा आमजन पर किये जा रहे हमलों पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि सरकार जंगली जानवरों को आबादी तक आने में रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने में नाकाम रही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले ही पौड़ी जिले में गुलदार द्वारा एक व्यक्ति पर हमला कर उसकी जान लेने की घटना प्रकाश में आई है। कहा कि प्रदेश के पहाड़ी जिलों में इस तरह की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है और इस संबंध में सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार को इस संबंध में ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। कहा कि ऐसा ही होता रहा, तो प्रदेश से गांवों का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा।

# शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 15 लोगों का चालान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मिशन मर्यादा के अंतर्गत कोटद्वार पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 15 व्यक्तियों पर चालानी कार्रवाई की और उन्हें भविष्य में इस तरह की हरकत न करने की चेतावनी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि वर्तमान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के निर्देशन में जनपद में शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मिशन मर्यादा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग एवं अव्यवस्था फैला रहे 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उक्त सभी व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान कर अशांति फैलाने, सामाजिक मर्यादा भंग करने अथवा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

## सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये जायेंगे आयोजित



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 (रौद्र) के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर आगामी 18 मार्च को कोटद्वार नगर में भव्य नागरिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दिन नगर के मुख्य मार्गों पर शोभा यात्रा के साथ ही राजकीय प्रेक्षागृह में अपराह्न 4 बजे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समारोह की तैयारी के सिलसिले में नव संवत्सर अभिनंदन समारोह समिति की एक वृहत् बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आगामी 19 मार्च से नव वर्ष विक्रम संवत् 2083 (रौद्र), युगाब्द 5128 प्रारंभ हो रहा है। विक्रम संवत् देश का सबसे प्रचलित, प्रामाणिक एवं वैज्ञानिक संवत् है।

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी 18 मार्च को नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर कोटद्वार में भव्य नागरिक समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नगर के मुख्य मार्गों पर शोभा यात्रा निकालकर भारतीय संस्कृति की झांकी प्रदर्शित की जाएगी ।इसके उपरांत राजकीय प्रेक्षागृह में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम में भारतीय नव वर्ष का स्वागत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे और मिष्ठान वितरित किया जाएगा। 19 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन पर्व पर प्रात: 5 से 7 बजे भारत स्वाभिमान न्यास के सौजन्य से टाटा परिसर में योगाभ्यास एवं हवन कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में जन समुदाय से अपील की गई कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सभी सूर्योदय के समय सूर्यदेव को अर्घ्य देकर नव वर्ष का स्वागत करें। पूजन-अर्चन के साथ ही इस दिन को उत्सव के रूप में मनाएं और नई पीढ़ी को इस पर्व के महत्व के बारे में भी बताएं। बैठक में डॉ. पदमेश बुडाकोटी, एसपी थपलियाल, प्रकाश कोठारी, रवींद्र नेगी, सुनीता कोटनाला, रीमा चौहान, महानंद ध्यानी, योगंबर सिंह रावत, चंदन नकोटी, मनोज कुकरेती, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. गीता रावत, कड़क पहाड़ी संस्था के अध्यक्ष बबलू नेगी, पीएल खंतवाल, रमाकांत कुकरेती, राजेंद्र पंत, रोशन बलूनी, सिद्धार्थ नैथानी, श्रीकांत दुदपुड़ी, सुदीप बौंठियाल, प्रवेश नवानी, शंकर दत्त गौड़, दीपक कुकरेती, बलवान सिंह रावत, गजेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप नौटियाल, दिनेश जुयाल, गोपाल जखमोला, बसंत चिल्डियाल, गायत्री भट्ट, अंजू पुंडीर, रजनी नेगी, सुनीता माहेश्वरी आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता एसपी थपलियाल ने व संचालन शशि भूषण अमोली ने किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# अब 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से जा सकेंगे भारतीय जहाज

## जयशंकर-अराघची के फोन कॉल में बनी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** मध्य पूर्व में जारी युद्ध के बीच होर्मुज स्ट्रेट में हालात बेहद खतरनाक होते जा रहे हैं। बीते 24 घंटों में सिर्फ 12 जहाज ही इस अहम समुद्री रास्ते को पार कर पाए हैं, जबकि सामान्य दिनों में रोजाना करीब 60 जहाज यहां से गुजरते थे। बढ़ते खतरे की वजह से सैकड़ों जहाज इस इलाके में फंसे हुए हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है। जंग शुरू होने के बाद से ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर रखा है। रिपोर्ट्स के



मुताबिक ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी IRGC ने इस इलाके में कड़ा सैन्य नियंत्रण लागू कर दिया है। इस समय जो भी जहाज यहां से गुजरने की कोशिश करता है, उसे ड्रोन बोट, समुद्री बारूदी सुरंगों और तटीय मिसाइलों के खतरे का सामना करना पड़ सकता है।

इसी वजह से करीब 350 जहाज इस इलाके में फंसे हुए हैं, जिनमें 286 तेल टैंकर शामिल बताए जा रहे हैं। इस स्थिति का असर वैश्विक तेल बाजार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बीते 24 घंटों में ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 100.55 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले तेल की मात्रा में भी भारी गिरावट आई है। जहां सामान्य दिनों में रोजाना औसतन 1.83 करोड़ बैरल तेल इस रास्ते से गुजरता था, वहीं अब यह घटकर करीब 16 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया है। हालांकि, जो भी तेल टैंकर स्ट्रेट से होकर गुजर रहा है वो ईरान के पोर्ट से निकल रही हैं। मसलन, ईरान ने अब तक जंग के बीच 13 मिलियन बैरल तेल की सप्लाई इसी होर्मुज स्ट्रेट से की है।

लाइव ट्रैकर के मुताबिक बीते 24 घंटों में सिर्फ 12 जहाज ही होर्मुज स्ट्रेट पार कर पाए, लेकिन ये किसके हैं, यह लाइव ट्रैकर से पता चला है। गौरतलब है कि लाइव ट्रैकर अपडेट होता रहता है, ऐसे में आंकड़े अलग हो सकते हैं। हालांकि, इस बीच बताया जा रहा है कि उन टैंकरों को पार करने की इजाजत मिल रही है जिनके ईरान के साथ बेहतर संबंध हैं। खासतौर से चीन, जो अपनी बड़ी आपूर्ति के लिए ईरान पर निर्भर है।

इस बीच थाईलैंड के झंडे वाले जहाज ''मयूरी नरी' को 11 मार्च को प्रोजेक्टाइल से निशाना बनाया गया, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके तीन क्रू सदस्य लापता बताए जा रहे हैं। इसके अलावा जापान के कंटेनर जहाज "ONE Majesty" को भी मामूली नुकसान हुआ, जब वह रस अल खैमाह के पास लंगर डाले खड़ा था।


**आवश्यकता है प्राचार्य की**

गुरु जम्भेश्वर विश्व विद्यालय मुरादाबाद से सम्बद्ध अक्ष इंटरनेशनल कॉलेज, राजा का ताजपुर (बिजनौर) को यूजीसी/विश्वविद्यालय मानदंडो के अनुसार एक योग्य, अनुभवी प्राचार्य की आवश्यकता है। जिसके लिये सात दिन में पत्राचार/ईमेल माध्यम या सीधे सम्पर्क करें। -प्रबंधक

Email- aistajpur@gmail.Com Mob. 9411225805

**आवश्यकता है**

Hero **जे.पी. ऑटोमोबाइल्स** Hero

(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)

हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

ORIZONE Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

**आवश्यकता है**

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।

योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।

मो- 8191819148

खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

**"सिंदूरी"**

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-

- ★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
- ★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोंओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
- ★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
- ★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स

Neal Rajput (M.B.B.S) · Pranab Rajput (M.B.B.S) · Roopali (M.B.B.S) · Vanshika Singh (IIT) · Avantika Rana (M.B.B.S) · Avantika Malik (M.B.B.S)

**BIJNOR PUBLIC SCHOOL**

A Co-educational Senior Secondary School.

Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928